

नमामीशमीशान निर्वाणरूपं विभुं व्यापकं ब्रह्मवेदस्वरूपम् । निजं निर्गुणं निर्विकल्पं निरीहं चिदाकाशमाकाशवासं भजेऽहम् ।

# सांध्य ज्योति दर्पण

www.sandhyajyotidarpan.com

वर्ष 36 | अंक 308 | जयपुर, सोमवार, 21 अक्टूबर, 2024 | जयपुर, अलवर, नागौर व भरतपुर से एक साथ प्रकाशित | पृष्ठ 8 मूल्य : 2 रु.

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते संगोऽस्त्वकर्मणि॥







पेज-5 द.अफ्रीका को हराकर पहली...

भारतीय छात्राओं की विदेश में... पेज-6





उदयपुर, चित्तौड़गढ़, झालावाड़, बारां, कोटा, बीकानेर, सवाईमाधोपुर, टोंक, सीकर, झुंझुनूं, दौसा, अजमेर, रींगस, श्रीमाधोपुर, खाटूश्यामजी, लक्ष्मणगढ़, चौमूं व कुचामनसिटी में प्रसारित।


# करवा चौथ पर पति-पत्नी ने लगाया मौत को गले

## झगड़े के बाद पत्नी ट्रेन के आगे कूदी, पति ने लगाया फंदा

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 21 अक्टूबर।** राजधानी जयपुर में करवा चौथ की रात एक पति-पत्नी ने सुसाइड कर लिया। ट्रेन के आगे पत्नी ने छलांग लगाकर मौत को गले लगाया। पटरियों पर क्षत-विक्षित हालत में पत्नी की लाश देखकर घर लौटे पति ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड से पहले पति ने अपने भाई को वॉट्सऐप मैसेज कर बताया था। हरमाड़ा थाना पुलिस ने सूचना पर पहुंचकर सबूत जुटाए। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए दोनों शवों को कांवटिया हॉस्पिटल की भिजवाया। पुलिसे ने बताया कि नांगल सिरस गांव हरमाड़ा निवासी घनश्याम बुनकर (38) पुत्र रामलाल और उसकी पत्नी मोनिका उर्फ मोना (35) ने सुसाइड किया है। दंपती अपने बेटे आयुष (13) और निक्की (8) के साथ यहां रहते थे। घनश्याम बुनकर नेटवर्किंग मार्केटिंग कंपनी में काम करता था। घटनाक्रम के मुताबिक, करवा चौथ की रात को पति-पत्नी घनश्याम और मोनिका के बीच कहासुनी के बाद झगड़ा हो गया। रात करीब 12.30 बजे गुस्से में मोनिका घर से निकल गई जिसका पीछा करते हुए घनश्याम भी घर से निकल गया। जयरामपुरा पुलिया के पास रेलवे ट्रेक पर ट्रेन को आते देखकर मोनिका ने छलांग लगा ली। ट्रेन की टक्कर लगते ही मोनिका का शव क्षत-विक्षत हालत में ट्रेक के पास फैल गया।

### शव देखकर लौटा घर

रेलवे ट्रेक पर पत्नी मोनिका का शव पड़ा देखकर घनश्याम बुनकर वापस घर लौट आया। घनश्याम ने अपने भाई को वॉट्सऐप मैसेज भेजकर लिखा- भाई मैं हार गया, सॉरी। गणपत जी और घनश्याम खंडेलवाल से बात कर लेना, वो आपकी मदद करेंगे। मेरी आई-डी पर अब आपको काम करना है। मेरी वाइफ आज ट्रेन के सामने कट गई। मैसेज करने के बाद घर के कमरे में साड़ी का फंदा लगाकर घनश्याम ने सुसाइड कर लिया।

### पत्नी के बाद मिली पति की मौत की सूचना

रात करीब 1.30 बजे रेलवे ट्रेक पर क्षत-विक्षत हालत में महिला का शव मिलने की सूचना हरमाड़ा थाना पुलिस को दी। हरमाड़ा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाए। मृतका की पहचान कर परिजनों से संपर्क कर सूचना दी। सूचना देने के दौरान पुलिस को परिजनों ने पति घनश्याम के सुसाइड के बारे में बताया। पत्नी मोनिका के शव को कांवटिया हॉस्पिटल भिजवाया। घनश्याम के सुसाइड की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से शव को फंदे से नीचे उतारा। घनश्याम के शव को भी पोस्टमार्टम के लिए कांवटिया हॉस्पिटल भिजवाया गया।

### लेट आने की बात पर हुआ था झगड़ा

पुलिस ने बताया कि पति-पत्नी के झगड़े के दौरान दोनों बच्चे घर पर दूसरे कमरे में सो रहे थे। जांच में सामने आया है कि करवा चौथ की रात को घनश्याम घर पर लेट आया था। घर लेट आने की बात को लेकर उसकी मोनिका से कहासुनी हुई। कहासुनी बढ़ने पर दोनों के बीच हुए झगड़े से गुस्सा होकर मोनिका घर से निकल थी।

# कनाडा के लिए जासूसी करते हैं खालिस्तानी

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेन्सी)।** कनाडा से लौटे भारतीय राजदूत संजय कुमार वर्मा ने कनाडा और वहां मौजूद खालिस्तानी समर्थकों को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उनका कहना है कि खालिस्तानी चरमपंथी और आतंकवादी कनाडा सुरक्षा खुफिया सेवा (सीएसआईएस) के लिए एक कीमती एसेट की तरह है। कनाडा स्थित सीटीवी न्यूज को दिए गए इंटरव्यू में वर्मा ने कहा कि जस्टिन ट्रूडो सरकार ने हर समय और हमेशा खालिस्तानी चरमपंथियों को प्रोत्साहित किया है।

उन्होंने कहा कि मैं यह भी जानता हूं कि इनमें से कुछ खालिस्तानी चरमपंथी और आतंकवादी सीएसआईएस की गहरी संपत्ति हैं, मैं फिर से कोई सबूत नहीं दे रहा हूं। दरअसल, कनाडा के पीएम ने पिछले साल आरोप लगाया था कि खालिस्तानी अलगाववादी निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट शामिल थे। भारत ने आरोप को बेतुका और प्रेरित बताया था। भारत ने कनाडा सरकार पर अपने आरोपों को साबित करने के लिए ठोस सबूत देने को कहा था, लेकिन ट्रूडो ऐसा नहीं कर पाए।

# बदला मौसम, बारिश के साथ ओले भी

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 21 अक्टूबर।** मानसून की विदाई के बाद भी प्रदेश में कई जगहों पर बारिश का दौर जारी है। कुछ हिस्सों में रविवार को मौसम में अचानक बदलाव हुआ। करौली, कोटा, जैसलमेर समेत कई जिलों में बादल छाने के साथ कुछ जगहों पर बारिश हुई और कुछ जगह ओले गिरे। मौसम में ये बदलाव स्थानीय स्तर पर वेदर सिस्टम बनने से हुआ। इससे लोगों को धीरे-धीरे सुबह-शाम हल्की ठंड का अहसास होने लगा है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने 5 से ज्यादा जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

### बारिश का येलो अलर्ट

**जयपुर मौसम केंद्र के ताजा अपडेट के अनुसार अगले कुछ घंटों के लिए जयपुर, दौसा, करौली, नागौर और सीकर तथा आसपास के इलाकों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जगहों पर मेघगर्जन के साथ ही हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।**

### मुख्य जिलों का तापमान ये रहा

**मौसम विभाग के अपडेट के मुताबिक जैसलमेर में तापमान 39.2 डिग्री, बीकानेर में 39 डिग्री, फलौदी में 38.2 डिग्री, पिलानी में 37.7 डिग्री, चूरू में 37.9 डिग्री, अलवर में 37.4 डिग्री, जोधपुर में 37.3 डिग्री, जयपुर में 36.6 डिग्री, श्रीगंगानगर में 39.4 डिग्री, अजमेर में 36.4 डिग्री, कोटा में 36.3 डिग्री, सीकर में 36 डिग्री, चित्तौड़गढ़ में 35.1 डिग्री और बाड़मेर में 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।**

### इस बार पड़ेगी कड़ाके की सर्दी

**मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार इस बार सर्दियां परेशान करेगी। विभाग के अपडेट के अनुसार राजस्थान में दिसंबर के मध्य से जनवरी तक कड़ाके की सर्दी रहने वाली है। वैसे प्रदेश में सर्दी की दस्तक अक्टूबर से होती है जो मार्च तक रहती है। पिछले कई सालों के मुकाबले इस बार अधिक ठंड रहेगी और कई सालों का रिकॉर्ड भी तोड़ सकती है।**

# जेके के नवनिर्वाचित एमएलए आज लेंगे शपथ

**जम्मू, 21 अक्टूबर (एजेन्सी)।** जम्मू-कश्मीर के नवनिर्वाचित विधायकों को सोमवार को विधानसभा श्रीनगर में पद की शपथ दिलाई जाएगी। प्रोटेम स्पीकर मुबारक गुल विधायकों को शपथ दिलाएंगे। इनमें 51 पहली बार विधायक बने हैं। शपथ ग्रहण समारोह दोपहर दो बजे शुरू होगा। सितंबर और अक्टूबर में तीन चरणों में हुए विधानसभा चुनावों में नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। जम्मू-कश्मीर की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी नेकां ने कांग्रेस के साथ गठबंधन में सरकार बनाई है जिसके छह विधायक हैं।

पांच निर्दलीय विधायक, आप के एक विधायक और माकपा ने भी अपना समर्थन दिया है। 29 सीटों के साथ भाजपा दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है। केंद्र शासित प्रदेश में उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। किश्तवाड़ से भाजपा विधायक शगुन परिहार (29) सबसे युवा विधायक हैं, जबकि नेकां के नेता और चरार-ए-शरीफ से विधायक अब्दुल रहीम राठौड़ (80) साल के साथ सबसे बुजुर्ग हैं। राठौड़ और पार्टी के सहयोगी अली मोहम्मद सागर (खानयार से विधायक) ऐसे दो व्यक्ति हैं, जो रिकॉर्ड सात बार विधानसभा के लिए चुने गए हैं।

# जो सपने देखे हैं, उन्हें पूरा करेंगे

## विदेश यात्रा से लौटे सीएम ने किया वादा

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 21 अक्टूबर।** जर्मनी और लंदन के 6 दिवसीय विदेश दौरे पर गए भजनलाल शर्मा रविवार को स्वदेश लौट आए। जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंचने पर सीएम भजनलाल का भव्य स्वागत किया गया। एयरपोर्ट के बाहर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पार्टी के संकल्प पत्र को पूरा करेगी। राजस्थान में इस निवेश के माध्यम से बहुत बड़ा परिवर्तन आने वाला है। आप और हमने जो सपना देखा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान उस सपने को पूरा करेगा।





### बहुत बड़ी ऊंचाइयों को छूएगा

एयरपोर्ट पर स्वागत के बाद भजनलाल शर्मा भाजपा दफ्तर पहुंचे। बीजेपी प्रदेश कार्यालय पर लोगों को संबोधित करते हुए सीएम शर्मा ने कहा कि जिस संकल्प पत्र को लेकर हम राजस्थान की जनता के बीच गए थे, उस एक-एक संकल्प को पूरा करेंगे। आने वाले समय में राजस्थान बहुत बड़ी ऊंचाइयों को छूएगा। हमने राजस्थान में पानी की समस्या के समाधान के लिए प्रधानमंत्री मोदी से बात की। ईआरसीपी बन गई और कुछ दिनों में उद्घाटन होने वाला है।

### कांग्रेस पर बोला हमला

इस दौरान सीएम भजनलाल ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। सीएम शर्मा ने कहा कि हरियाणा के चुनाव में कांग्रेस ने जो मुद्दा लिया था, राजस्थान-हरियाणा के बीच यमुना समझौता हुआ है। अगर कांग्रेस की सरकार आई तो उस समझौते को रद्द कर करेंगे। कांग्रेस का यह सपना सिर्फ सपना ही रह गया। सीएम ने आगे कहा कि हमारी सरकार ने बिजली के क्षेत्र में काम किया है। इसके लिए 2 लाख 24 हजार करोड़ के एमओयू किए हैं। किसानों के काम के लिए प्रतिबद्ध है। हमने वादा किया है कि 2027 तक किसानों दिन में बिजली देंगे।

### उपचुनाव पर बोले सीएम भजनलाल शर्मा

हमने राजस्थान के युवाओं से जो वायदा किया था कि उसे हम पूरा कर रहे हैं। हमारी कैबिनेट ने एक साल में 90 हजार नौकरियों की मंजूरी दी है, जो इतिहास बन गया। प्रदेश की उन्नति के लिए हमारी सरकार कृतसंकल्प है। वहीं, भाजपा दफ्तर पर पत्रकारों से बातचीत में सीएम भजनलाल ने उप चुनाव को लेकर कहा कि छह सीटों पर भाजपा ने मजबूत प्रत्याशी उतारे हैं। भाजपा बड़े मार्जिन से सभी सीटों पर चुनाव जीतेगी ?

# चढ़कर नीचे उतरा बाजार

**मुंबई, 21 अक्टूबर (एजेन्सी)।** शेयर बाजार में सोमवार को मिला-जुला कारोबार देखने को मिल रहा है। सेंसेक्स करीब 50 अंक की गिरावट साथ 81,200 के स्तर पर कारोबार कर रहा है वहीं निफ्टी में भी करीब 50 अंक की गिरावट है, ये 24,800 पर कारोबार कर रहा है। इससे पहले आज सेंसेक्स 546 अंक की बढ़त के साथ 81,770 के स्तर पर ओपन हुआ था। सोमवार को बैंकिंग और ऑटो शेयर्स में ज्यादा गिरावट है। कोटक बैंक में 6 फीसदी और इंडसइंड बैंक के शेयर में 2 फीसदी से ज्यादा की गिरावट है। इससे पहले शुक्रवार यानि 18 अक्टूबर को शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली थी। सेंसेक्स 218 अंक की तेजी के साथ 81,224 के स्तर पर बंद हुआ था वहीं निफ्टी में भी 104 अंक की तेजी रही, ये 24,854 के स्तर पर बंद हुआ था।

# शिव को मिला नया राज

## मोदी सरकार की योजनाओं की करेंगे समीक्षा

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेन्सी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय कृषि, किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में एक मॉनिटरिंग ग्रुप का गठन किया है, जो प्रधानमंत्री द्वारा घोषित योजनाओं, केंद्रीय बजट और परियोजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेगा। इस मॉनिटरिंग ग्रुप की पहली बैठक 18 अक्टूबर को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में हुई थी, जिसमें रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सहित भारत सरकार के सभी सचिव हाइब्रिड मोड में बैठक में शामिल हुए थे। चौहान की अध्यक्षता में निगरानी समूह की हर महीने साउथ ब्लॉक स्थित पीएमओ में बैठक होगी, जिसमें सभी सरकारी योजनाओं की समीक्षा की जाएगी और उन्हें अमलीजामा पहनाया जाएगा।

### करेंगे परियोजनाओं की निगरानी

बैठक में शामिल अधिकारियों के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में उनके नेतृत्व में पहली एनडीए सरकार बनने के बाद से ही घोषित परियोजनाओं की निगरानी की जिम्मेदारी शिवराज सिंह चौहान को दी है। जो अधिकारी प्रधानमंत्री द्वारा घोषित विभिन्न योजनाओं के लिए नोडल अधिकारी के रूप में काम कर रहे थे, उन्हें भी बैठक में शामिल होने के लिए कहा गया है।



### इन परियोजनाओं पर नजर रखेगा

सरकार ने अभी तक इस मॉनिटरिंग ग्रुप को लेकर कोई भी अधिकारिक बयान नहीं दिया है लेकिन प्रधानमंत्री पोर्टल पर मौजूद हर योजनाओं पर शिवराज सिंह चौहान नजर रखेंगे? इस दौरान सचिव शिवराज सिंह चौहान को उन परियोजनाओं के बारे में भी जानकारी देंगे, जो पिछड़ रही हैं। इसके अलावा उन्हें बेहतर करने के लिए और क्या किया जा सकता है।

### देरी को लेकर चिंतित हैं मोदी

जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी रोजमर्रा के प्रशासन और वैश्विक मामलों में अपनी भागीदारी के कारण सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी को लेकर चिंतित हैं। वो कई मीटिंग में इस बात को कह चुके हैं।

# चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन में फूट?

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेन्सी)।** महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव नजदीक आने के बाद इंडिया गठबंधन में फूट पड़ती हुई नजर आ रही है। इन दोनों ही राज्यों में अभी तक गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर सहमति नहीं बनी है। झारखंड में राजद ने कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ा दी हैं वहीं महाराष्ट्र में सपा की एंट्री ने सीट बंटवारे को और ज्यादा पेचीदा बना दिया है।

सीएम हेमंत सोरेन ने एक बैठक के बाद कहा था कि इंडिया गठबंधन सभी 81 सीटों पर चुनाव लड़ेगा। 70 सीटों पर कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) लड़ेगी. वहीं बची हुई 11 सीटों पर अन्य सहयोगी (आरजेडी और वाम दल) लड़ेंगे। सोरेन के ऐलान के बाद आरजेडी ने बगावती सुर अपना लिए हैं। पार्टी के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने कहा, जब सभी दल के नेता रांची में ही मौजूद हैं तो हम इस बात से दुखी हैं कि गठबंधन की बनावट की प्रक्रिा में हमें शामिल नहीं किया गया। हमारे पास तमाम विकल्प खुले हैं। महाराष्ट्र में भी विपक्षी महाविकास अघाड़ी गठबंधन के बीच सीट शेयरिंग का फॉर्मूला अभी तय नहीं हो पाया है।

# दिल्ली धमाके के पीछे खालिस्तानी

## सोशल मीडिया पर पोस्ट कर ली जिम्मेदारी

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेन्सी)।** दिल्ली के रोहिणी सेक्टर 14 में सीआरपीएफ स्कूल के पास हुए धमाके की खालिस्तानियों ने जिम्मेदारी ली है। टेलीग्राम पर जस्टिस लीग इंडिया ग्रुप पर उनका मैसेज आया है। इसमें कहा गया है कि वे किसी भी समय हमला करने में कितने सक्षम हैं। फिलहाल जांच एजेंसियां मैसेज की जांच कर रही हैं। वहीं, नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) और नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) की टीम ने भी जांच शुरू कर दी है। मामले को लेकर गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी टीम के सूत्रों के मुताबिक, शुरुआती जांच में क्रूड बम जैसा मटेरियल मिला है। हालांकि, पूरी रिपोर्ट मिलने के बाद ही आधिकारिक जानकारी मिल पाएगी। दरअसल, प्रशांत विहार इलाके में रविवार सुबह करीब 7.30 बजे धमाका हुआ। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ लेकिन स्कूल की दीवार, आस-पास की दुकानें और कुछ कारों को नुकसान पहुंचा। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। मई में भी 150 से ज्यादा स्कूलों में बम धमाके की धमकी से जुड़े ईमेल आए थे। जांच एजेंसियां इस एंगल से भी पड़ताल कर रही हैं।

# पंजाब में टारगेट किलिंग की योजना नाकाम

**जालंधर, 21 अक्टूबर (एजेन्सी)।** पुलिस ने राज्य में तीन बड़े लोगों की हत्या की योजना को नाकाम करते हुए बंबीहा-कौशल गिरोह के पांच गुर्गों को हथियारों के साथ पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने खुद अपने एक्स अकाउंट में इसकी पुष्टि की है। खास बात यह है कि राज्य में टारगेट किलिंग की योजना बना रहे उक्त आरोपियों को हथियार असम की डिब्रूगढ़ जेल में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत बंद खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल के निजी गनमैन रहे गुरभेज सिंह ने ही उपलब्ध करवाए थे।

# पीएफआई का खुला काला कच्चा चिट्ठा

## राजस्थान सहित कई राज्यों में सैकड़ों सदस्य

## विदेश में 13 हजार की फौज, हवाला से करोड़ों का चंदा

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेन्सी)।** पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। ईडी की करीब चार साल की जांच के बाद तैयार किए गए डोजियर से पता चला है कि पीएफआई के केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम और मणिपुर में सैकड़ों सूचीबद्ध सदस्य और कार्यालय हैं। ईडी के डोजियर के अनुसार, इस संगठन को जुलाई 2022 में पीएम मोदी की हत्या के असफल प्रयास के बाद गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत प्रतिबंधित कर दिया गया था। जांच में पता चला है कि इसके सिंगापुर और पांच खाड़ी देशों में कम से कम 13,000 सदस्य हैं, जहां से अज्ञात दानदाताओं से नकद में धन जुटाया जाता है और हवाला के माध्यम से भारत भेजा जाता है। इसके बाद ट्रस्टों और संबद्ध संस्थाओं के 29 बैंक खातों में नकदी जमा करने का खेल होता है।



### आतंकवादी शिविर का भी चला पता

एक रिपोर्ट के मुताबिक अलग-अलग एजेंसियों ने पिछले कुछ वर्षों में इसके 26 शीर्ष पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया है। यही नहीं, भारत और विदेशों में मौजूद इसकी संपत्तियों और बैंक खातों को जब्त किया है। जांच के दौरान केरल में एक आतंकवादी शिविर का भी पता चला। ईडी के डोजियर में कहा गया है कि यह संगठन दिल्ली दंगों, हाथरस में अशांति और जुलाई, 2022 में पटना में अपनी रैली के दौरान पीएम मोदी की जान लेने की कोशिश के पीछे भी शामिल था।

### पीएफआई के विरोध के तरीके हिंसक प्रकृति के

वर्ष 2020 से गिरफ्तार किए गए इसके प्रमुख पदाधिकारियों में रऊफ शेरिफ सीएफआई के राष्टीय महासचिव, कतर में स्थित पीएफआई सदस्य शफीक पायेथ, दिल्ली पीएफआई के अध्यक्ष परवेज अहमद और सिंगापुर से पीएफआई के लिए हवाला का कारोबार करने वाला साहुल हमीद का नाम शामिल है। ईडी ने डोजियर में कहा है, पीएफआई का असली उद्देश्य जिहाद के जरिए भारत में इस्लामी आंदोलन को अंजाम देना है। हालांकि पीएफआई खुद को एक सामाजिक आंदोलन के रूप में पेश करता है। सबूतों से पता चलता है कि इस संगठन की ओर से अपनाए गए विरोध के तरीके हिंसक प्रकृति के हैं।

### एजुकेशन की आड़ में हथियारों की ट्रेनिंग

ईडी ने कहा है कि केरल के कन्नूर जिले के नारथ में एक हथियार प्रशिक्षण शिविर भी जांच के दौरान मिला और वहां पीएफआई फिजिकल एजुकेशन की आड़ में विस्फोटकों और हथियारों के इस्तेमाल का प्रशिक्षण दे रहा था। अब तक मनी ट्रेल से पीएफआई और उसके सहयोगियों की ओर से 94 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जमा करने का खुलासा हुआ है। ईडी ने 57 करोड़ रुपए की 35 संपत्तियों को अपराध की आय करार देते हुए जब्त किया है।

## शादी के 4 दिन बाद भागी लुटेरी दुल्हन

सांध्यज्योति संवाददाता

जयपुर, 21 अक्टूबर। जयपुर में शादी के महज 4 दिन बाद ही नई नवेली दुल्हन के गहने लेकर भागने का मामला सामने आया है। शादी करवाने की एवज में तीन लाख रुपए वर पक्ष से लिए गए थे। ससुराल से भागने से पहले दुल्हन ने दूल्हे को बताया कि शादी करने के लिए उसे पैसों का लालच देकर तैयार किया गया था। एयरपोर्ट थाने में दूल्हे की मां ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि जगतपुरा निवासी 47 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। उसके भाई का मकान प्रताप नगर में है। वह भाई से अक्सर मिलने आती-जाती रहती थी। भाई के घर के पास ही रहने वाले कौशल जैन से उसकी मुलाकात हो गई। बातचीत के दौरान बेटे की शादी के लिए रिश्ता ढूंढने की आरोपी कौशल को बताया। बातचीत के दौरान कौशल ने बताया कि बिहार का रहने वाला एक गरीब परिवार है। उनकी लड़की से आपके बेटे की शादी करवा देता है। लड़की की फोटो दिखाकर शादी में आने वाला 3 लाख रुपए का खर्च उनका ही होने की बात हुई। तीन लाख रुपए देने पर दिसम्बर-2023 में मैरिज करना तय हो गया। मैरिज डील के तहत 3 लाख रुपए लेकर आरोपी कौशल ने अपने साथी सुरेश के साथ मिलकर दिसम्बर-2023 में दूल्हा-दुल्हन की शादी करवा दी। शादी के बाद दुल्हन को लेकर दूल्हा अपने घर आ गया। चार दिन ससुराल में रही दुल्हन ने भागने से एक दिन पहले दूल्हे को सच्चाई बताई। दूल्हे को बोली- पैसों का लालच देकर उसको शादी के लिए तैयार किया गया था। शादी में उसके बताए गए माता-पिता भी फर्जी थे।

## हैल्प लाइन

### अग्निशमन केंद्र

| | |
|---|---|
| फायर स्टेशन | 101 |
| बनीपार्क | 2201898 |
| बाइस गोदाम | 2211258 |
| घाटगेट | 2615550 |
| वीकेआई क्षेत्र | 2332573 |
| एमआई रोड | 2375925 |

### ट्यूरिस्ट पैलेस

| | |
|---|---|
| आमेर किला | 2530293 |
| बिड़ला तारामंडल | 2385367 |
| सिटी प्लैस | 2608055 |
| हवामहल | 2618862 |
| जंतर-मंतर | 2610494 |
| जयगढ़ किला | 2671848 |
| अल्बर्ट हॉल (संग्रहालय) | 2565124 |
| सिसोदिया गार्डन | 2680494 |
| चिड़िया घर | 2617319 |
| साइंस पार्क | 2304654 |

### पुलिस

| | |
|---|---|
| पुलिस | 100 |
| कंट्रोल रूम (जयपुर) | 2388435-38 |
| ग्रामीण | 2209741 |
| यातायात | 2565630 |

### दुर्घटना सेल

| | |
|---|---|
| पूर्व | 2703992 |
| पश्चिम | 2209040 |
| उत्तर | 2609719 |
| दक्षिण | 2372992 |

### सांस्कृतिक केन्द्र

| | |
|---|---|
| बिड़ला ऑडिटोरियम | 2385224 |
| जवाहर कला केन्द | 2706503 |
| रवीन्द्र मंच | 2619061 |

# भजन लाल शर्मा ने वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल से मुलाकात की

## वेदांता ग्रुप राजस्थान में 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक का करेगा निवेश

सांध्यज्योति संवाददाता

जयपुर, 21 अक्टूबर। ब्रिटेन की यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्राकृतिक संसाधन समूह वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल से आज लंदन में मुलाकात की और उन्हें 'राजस्थान की प्रगति में भागीदार' बनने के लिए आमंत्रित किया। इस बैठक के दौरान उपमुख्यमंत्री सुदिया कुमारी और राजस्थान सरकार के प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्य मौजूद थे। राजस्थान में एक लाख करोड़ रुपये अधिक के निवेश की अपनी प्रतिबद्धता दुहराते हुए वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अग्रवाल ने कहा कि यह निवेश वेदांता की कंपनियों - हिंदुस्तान जिंक, केयर्न ऑयल एंड गैस और सेरेंटिका रिन्यूएबल्स के विस्तार में होगा और इसके अलावा, लघु और मध्यम उद्योगों के लिए गैर-लाभकारी आधार पर वेदांता उदयपुर के पास एक औद्योगिक पार्क भी स्थापित करेगी।



मुख्यमंत्री और अग्रवाल के बीच 'पूंछरी का लौठा' और उसके आस-पास के क्षेत्रों के एकीकृत विकास पर भी चर्चा हुई और सरकारी प्रतिनिधिमंडल द्वारा राजस्थान के कृष्ण भूमि विकास के तहत आने वाले क्षेत्रों पर एक विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया गया। 'पूंछरी का लौठा' की विकास योजना से प्रभावित होकर अग्रवाल ने राज्य सरकार की इस परियोजना को आगे बढ़ाने में मदद करने की अपनी इच्छा व्यक्त की।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि इस बैठक में हमारे बीच बहुत ही सार्थक चर्चा हुई और अनिल अग्रवाल व्यापार जगत के अनुकूल हमारी नीतियों से काफी प्रभावित हुए। राजस्थान में अपने निवेश को दोगुना करने एवं राज्य के व्यापारिक माहौल को और मजबूत बनाने के लिए उन्होंने हमारी सरकार से हाथ मिलाया है। मैंने उन्हें 'राजस्थान की प्रगति में भागीदार' बनने और 'विकसित राजस्थान' के हमारे प्रयासों का समर्थन करने के लिए भी आमंत्रित किया।

वेदांता ग्रुप के चेयरमैन के साथ हुई इस बैठक में ब्रिटेन के कई अन्य प्रतिष्ठित निवेशक भी मौजूद थे। इस दौरान राजस्थान में निवेश के अवसरों पर चर्चा की गई और इन निवेशकों ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद संभावनाओं को तलाशने में काफी दिलचस्पी दिखाई। इसके बाद, मुख्यमंत्री शर्मा और राजस्थान सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने लंदन में मौजूद ब्रिटिश संग्रहालय का दौरा किया और राजस्थान स्थित कला संग्रहालयों और दीर्घाओं के साथ सहयोग की संभावनाओं पर संग्रहालय के अधिकारियों के साथ चर्चा की।

इसके अलावा, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने लंदन में किंग हेनरी रोड स्थित अंबेडकर हाउस का भी दौरा किया और भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीम राव अंबेडकर को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि लंदन के जिस घर में बाबा साहेब अंबेडकर रहते थे, उसे कुछ सालों पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी के नेतृत्व में भारत सरकार ने संग्रहालय बना कर देश को एक अनमोल उपहार दिया था। बाबा साहेब अंबेडकर हम सबके प्रेरणा स्त्रोत हैं और आज यहां अंबडेकर हाउस में आकर मैं बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। यहां आकर मुझे बाबा साहेब के लंदन प्रवास के बारे में कई नयी बातों को जानने का मौका मिला। उन्होंने जीवनभर कमज़ोर एवं हाशिये पर खड़े लोगों के उत्थान के लिए काम किया और बाबा साहब का समानता एवं न्याय का संदेश आज भी प्रासंगिक है।

इससे पहले शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने 'राइजिंग राजस्थान' पर्यटन सम्मेलन में भाग लेते हुए ब्रिटेन के निवेशकों को राजस्थान के पर्यटन क्षेत्र की समृद्धि में भागीदार बनने के लिए आमंत्रित किया था। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राजस्थान के पर्यटन क्षेत्र में अपार संभावनाओं की चर्चा की और राज्य की विरासत और वन्यजीव पर्यटन में निवेश का आह्वान किया। मुख्यमंत्री शर्मा ने पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए ब्रिटिश फिल्म निर्माताओं से राजस्थान में शूटिंग करने की भी अपील की।

राजस्थान के पर्यटन क्षेत्र की प्रमुखता और एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में राज्य की बढ़ती लोकप्रियता पर प्रकाश डालते हुए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि अकेले 2023 में राजस्थान के अंदर 18 करोड़ घरेलू और 17 लाख अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आये थे। राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन क्षेत्र का योगदान 12 प्रतिशत का है। हमारा लक्ष्य इस क्षेत्र में ब्रिटिश निवेशकों के साथ एक पारस्परित संबंध बनाना है जिससे न केवल पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिले बल्कि हमारे दो महान देशों के बीच सांस्कृतिक संबंध और भी मजबूत हों।

## श्याम बाबा से प्रदेश की खुशहाली की कामना



जयपुर, 21 अक्टूबर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को हसनपुरा स्थित शांति नगर पार्क में श्याम सेवा संघ समिति के 38वें वार्षिक महोत्सव में भाग लिया। उन्होंने वहां पर किए जा रहे यज्ञ में भी आहूति दी। इस दौरान उन्होंने 551 दीपकों की महाआरती के साथ प्रारंभ हुए इस महोत्सव की विभिन्न धार्मिक गतिविधियों की सराहना की और श्याम बाबा की झांकी के दर्शन कर उनसे राष्ट्र और राज्य की खुशहाली और संपन्नता के साथ सभी के मंगल के लिए कामना की।

## पुलिस शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम

जयपुर, 21 अक्टूबर। राजस्थान पुलिस द्वारा पुलिस शहीद दिवस के अवसर पर सोमवार, 21 अकटूबर को राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए), शास्त्री नगर, जयपुर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रातः 7.30 बजे से परेड, गार्ड ऑफ ऑनर और शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। राजस्थान पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) साहू आरपीए में आयोजित कार्यक्रम के पश्चात जेएलएन मार्ग स्थित त्रिमूर्ति सर्किल के शहीद स्मारक पर भी पुलिस के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## मुख्यमंत्री भजनलाल का विदेश यात्रा से लौटने पर जयपुर एयरपोर्ट पर स्वागत

सांध्यज्योति संवाददाता

जयपुर, 21 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जर्मनी और यूनाइटेड किंगडम की विदेश यात्रा के बाद रविवार को जयपुर लौटे। शर्मा का जयपुर एयरपोर्ट परिसर में राज्य मंत्रिपरिषद् के सदस्यों एवं विधायकों सहित उच्च अधिकारियों ने स्वागत किया। मंत्रिगण और विधायकों ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर सफल विदेश यात्रा के लिए बधाई दी। इस दौरान जयपुर शहर के प्रमुख स्थानों पर आमजन ने शर्मा का अभिनंदन किया और प्रदेश की आर्थिक समृद्धि एवं विकसित राजस्थान की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के लिए मुख्यमंत्री का आभार भी जताया।



उल्लेखनीय है कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के तहत राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए अन्य देशों में इन्वेस्टर मीट और रोड-शो आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री शर्मा ने जर्मनी के म्यूनिख और यूनाइटेड किंगडम के लंदन में आयोजित इन्वेस्टर मीट में हिस्सा लिया और निवेशकों से मुलाकात कर उन्हें प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचन्द बैरवा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, पशुपालन एवं डेयरी व देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा, पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा, ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, राजस्व राज्य मंत्री विजय सिंह, किसान आयोग अध्यक्ष सी.आर.चौधरी, राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, सांसद मंजू शर्मा, सांसद राव राजेन्द्र सिंह सहित विभिन्न विधायकगण, जयपुर ग्रेटर मेयर सौम्या गुर्जर, जयपुर हेरिटेज मेयर कुसुम यादव, जिला प्रमुख जयपुर रमा चौपड़ा, मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# अधिकारियों को कार्य में गति तेज लाने के निर्देश

सांध्यज्योति संवाददाता

जयपुर, 21 अक्टूबर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को अजमेर के कचहरी रोड नाला व सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने सालों पुराने अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम टीम को शाबासी दी एवं शहर के लोगों से अपील की कि वे अजमेर के नवनिर्माण में साथ आएं। उन्होंने आगरा गेट से अग्रसेन सर्किल सड़क का भी निरीक्षण किया। गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर अफसरों को फटकारा और सुधार के निर्देश दिए।



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रविवार दोपहर कचहरी रोड़ नाला व सड़क निर्माण का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां नगर निगम आयुक्त देशलदान ने उन्हें बताया कि गांधी भवन चौराहे से बंगाली गली तक कुछ दुकानदारों ने नाले पर अतिक्रमण कर दुकानें बना ली थी। इस कारण मुख्य नाला बंद हो गया था और सड़क पर बरसाती पानी भर रहा था। नाला बंद होने के साथ ही सड़क भी काफी संकरी हो गई थी।

इसी तरह बंगाली गली से ब्रह्मपुरी नाले तक भी सड़क पर कई दुकानदारों, होटल व अन्य लोगों ने अतिक्रमण कर रखे थे। इस कारण सड़क निर्माण का कामकाज, नाला निर्माण व यातायात बाधित हो रहा था। नगर निगम की टीम ने रविवार सुबह कार्रवाई कर इन सभी अतिक्रमणों को हटा दिया है।

विधानसभा अध्यक्ष ने स्वयं पैदल चल कर गांधी भवन से इंडिया मोटर चौराहे तक सड़क व नाला निर्माण देखा। उन्होंन नगर निगम टीम को शाबासी दी कि शहर की एक बड़ी समस्या के निदान के लिए सक्रियता से काम किया। उन्होंने आरएसआरडीसी को निर्देश दिए कि दीपावली से पूर्व नाला व एवं सड़क निर्माण काम पूर्ण करें ताकि आमजन को राहत मिल सके।

उन्होंने कहा कि टाटा पावर को लाइन शिफ्टिंग के लिए 50 लाख रूपए की राशि उपलब्ध करवा दी गई है। टाटा पावर जल्द इस संबंध में कार्रवाई करें।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने इसके पश्चात आगरा गेट से अग्रसेन सर्किल तक सड़क का निरीक्षण किया। सड़क निर्माण में कई जगह गुणवत्ता का अभाव पाया गया। कई जगह सड़क अभी से ही क्षतिग्रस्त मिली। इसी तरह सड़क के किनारे से आने वाली गलियों से रोड़ पर आने के लिए सड़क को टेपर नहीं किया गया था। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अफसरों को फटकार लगाई। उन्होंने तुरंत यह कमियां दुरस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अफसर सड़क निर्माण के समय स्वयं भी कार्य का निरीक्षण करें।

## औचक निरीक्षण के लिए जांच दल गठित

सांध्यज्योति संवाददाता

जयपुर, 21 अक्टूबर। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि दीपावली के त्यौहार पर मिठाई, सूखे मेवे बेकरी उत्पाद के साथ डिब्बा तोलने, कम माप-तोल एवं पैकेजिंग नियमों के तय मापदंडों की अवहेलना करने की रोकथाम के लिए आज से 30 अक्टूबर तक कंज्यूमर केयर विशेष अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार ने बताया कि इस अभियान के दौरान विधिक माप विज्ञान अधिनियम व इसके अंतर्गत बनाये गए नियमों के तहत निरीक्षण कार्यवाही के लिए विधिक माप विज्ञान अधिकारी, प्रवर्तन अधिकारी एवं निरीक्षकों का संयुक्त जांच दल गठित किया गया है। उन्होंने बताया कि जांच दल राज्य स्तर, संभाग मुख्यालय एवं जिला स्तर पर गठित किये गए है। ये जांच दल अतिरिक्त खाद्य आयुक्त एवं पदेन नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान अधिकारी के नियंत्रण एवं निर्देशन में निरंतर औचक निरीक्षण कर कार्यवाही करेंगे।

## विदेश में जॉब दिलाने का झांसा दे ठगे 5 लाख रुपए

सांध्यज्योति संवाददाता

जयपुर, 21 अक्टूबर। मुरलीपुरा इलाके में एक युवक को विदेश में नौकरी लगवाने का झांसा देकर 5 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित हनुमान सहाय यादव कालाड़ेरा निवासी ने रिपोर्ट करवाई है। रिपोर्ट में बताया कि एक व्यक्ति ने खुद को दुबई में एचआर बताया और जॉब दिलाने का झांसा देकर 5 लाख रुपए की ठगी कर ली। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी।

## जुआ खेलते तीन गिरफ्तार 2.20 लाख रुपए बरामद

सांध्यज्योति संवाददाता

जयपुर, 21 अक्टूबर। डीएसटी साउथ की टीम व शिप्रापथ पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए जुआ खेल रहे 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 2.20 लाख रुपए बरामद की है। एडिशनल डीसीपी साउथ ललित किशोर शर्मा ने बताया कि आरोपी पप्पूराम चौधरी, नादान सिंह और संदीप जैन को गिरफ्तार किया है। एडिशनल डीसीपी शर्मा ने बताया कि डीएसटी प्रभारी इंस्पेक्टर नन्दलाल के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की।

## पॉली हाउस लगाने का झांसा देकर किसानों से ठगी करने वाला गिरफ्तार

सांध्यज्योति संवाददाता

जयपुर, 21 अक्टूबर। शहर के अलग अलग थाना इलाके में पॉली हाउस लगाने का झांसा देकर किसानों से ठगी करने वाले गिरोह के सरगना को बिन्दायका थाना पुलिस ने पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी महेन्द्र सिंह हाड़ा उर्फ मनू उर्फ हिरदय कोटा के महावीर नगर का रहने वाला है। आरोपी दाता एग्रो इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कंपनी चलाता है। आरोपी के खिलाफ बिन्दायका के अलावा गंगानगर, मौजमाबाद, शिवदासपुरा व कोटखावदा थाने में 6 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। थानाधिकारी भजनलाल ने बताया कि पीड़ित बिचपड़ी निवासी विनोद कुमार ने 3 जुलाई को केस दर्ज करवाया कि दादा एग्रो इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड के मालिक महेन्द्र सिंह, मुकेश मीणा व सुरेश मीणा ने पॉली हाउस लगाने का झांसा देकर 29 लाख रुपए हड़प लिए। उसके बाद आरोपियों ने आज तक ना पॉली हाउस बनाया और ना ही पैसे वापस लौटाए। उक्त प्रकरण की जांच करके 5 अक्टूबर को सुरेश व मुकेश को गिरफ्तार कर लिया। महेन्द्र फरार चल रहा था, जिसकी तलाश करके रविवार को पकड़ लिया।

## 10 हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

सांध्यज्योति संवाददाता

जयपुर, 21 अक्टूबर। प्रतापनगर थाना पुलिस ने रविवार को 10 हजार रुपए के इनामी बनीपार्क थाने के हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक देसी पिस्तौल और 32 एमएम के 4 कारतूस बरामद किए हैं। बदमाश खुद का इलाका बदल कर प्रताप नगर में एक होटल में छुपा हुआ था। डीसीपी वेस्ट ने आरोपी पर एक साल पहले 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। आरोपी पर 11 साल में 20 मुकदमे दर्ज हो चुके, लेकिन अभी तक एक में भी सजा नहीं हुई, सभी मामले कोर्ट में पेंडिंग हैं। डीसीपी ईस्ट तेजस्विनी गौतम ने बताया कि आरोपी हिमांशु जांगिड़ (34) निवासी इन्द्रा कॉलोनी बनीपार्क को गिरफ्तार किया है। आरोपी हार्डकोर आदतन अपराधी है और बनीपार्क थाने का हिस्ट्रीशीटर है। वह अवैध हथियार रखने और हत्या के मामले में पहले भी कई बार गिरफ्तार हो चुका। उसने गैंग बना रखी है। उसके खिलाफ ब्रह्मपुरी, चौमूं, कोतवाली दौसा व अन्य थानों में मामले दर्ज हैं। वह इन मामलों में फरार चल रहा है। पूछताछ में उसने 8 माह पहले पिस्तौल संजय शर्मा हरियाणा से खरीदना बताया है। संजय की 5 माह पहले बीमारी से मौत हो चुकी। डीसीपी ने बताया कि आरोपी हिमांशु के एक होटल में रहने और उसके पास हथियार होने की स्पेशल टीम के हैड कांस्टेबल अविनाश को सूचना मिली।



इसके बाद एडिशनल डीसीपी आशाराम चौधरी, एसीपी सांगानेर विनोद शर्मा, प्रताप नगर थानाधिकारी मुनींद्र सिंह व अविनाश की टीम बनाई गई। तीनों टीमों ने आपसी तालमेल से निगरानी रखते हुए राणा सांगा मार्ग स्थित होटल हरि इन पर छापा मारा गया। हिमांशु जांगिड़ की तलाशी ली गई तब उसके पास देसी पिस्तौल व चार कारतूस मिले। इसके बाद उसे पकड़ कर थाने लाया गया। गिरफ्तार आरोपी हिमांशु के खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में अब तक 20 मुकदमे दर्ज हो चुके। उसके खिलाफ 2013 में पहला मुकदमा ब्रह्मपुरी थाने में दर्ज हुआ था। इसके बाद शास्त्री नगर, आदर्श नगर, लालकोठी, सांगानेर व जवाहर सर्किल में 2-2, सदर थाना, आदर्श नगर, श्याम नगर, चौमूं, मकराना, अमरसर और गांधी नगर थाने में मामले दर्ज हैं।



## आज का राशिफल

सोमवार, 21 अक्टूबर, 2024

- **मेष :** रचनात्मक कामों में अच्छा समय बीतेग। किसी दोस्त द्वारा कोई सरप्राइस खुशखबरी भी मिल सकती हैं। कोई भी समस्या आने पर आप घबराने की बजाय उसका समाधान ढूंढने का प्रयास करेंगे और सफल भी रहेंगे।
- **वृष :** परिवार और सामाजिक कामों में आपका योगदान रहेगा। आपकी कोशिशों की तारीफ होगी। संतान की ओर से कोई शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा तथा मनोरंजन संबंधी प्रोग्राम भी बनेंगे। अचानक ही ऐसे खर्चे सामने आएंगे, कि बजट गड़बड़ा जाएगा।
- **मिथुन :** समारोह या गेट-टुगेदर में जाने का मौका मिलेगा और इससे नए लोगों से संपर्क स्थापित होंगे। नजदीकी रिश्तेदार के घर धार्मिक आयोजन पर जाने का मौका मिलेगा। परिजनों से मुलाकात खुशी प्रदान करेगी।
- **कर्क :** किसी को पैसा उधार दिया हुआ है, तो आज उसकी वापसी की उचित संभावना है। भविष्य संबंधी योजनाओं पर भी ध्यान केंद्रित रहेगा। परिवार जनों के आपसी सहयोग से पारिवारिक मामलों को भी बेहतर बनाने में सफलता मिलेगी।
- **सिंह :** सामाजिक दायरा बढ़ेगा और कई प्रकार की गतिविधियों में व्यस्तता बनी रहेगी। मानसिक सुकून बनाए रखने के लिए कुछ समय एकांत अथवा प्रकृति के सानिध्य में व्यतीत करें। फाइनेंस संबंधी कार्यों को निपटाने के लिए अनुकूल समय है।
- **कन्या :** पारिवारिक सुख-सुविधाओं संबंधी वस्तुओं की शॉपिंग में मधुर समय व्यतीत होगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। परंतु आय के साधन भी बने रहने से तनाव नहीं रहेगा। नजदीकी दोस्तों के यहां धार्मिक समारोह में जाने का मौका मिलेगा।
- **तुला :** मित्रों तथा संबंधियों के साथ मुलाकात के अवसर बनेंगे। किसी पारिवारिक अविवाहित सदस्य के लिए अच्छा रिश्ता भी आ सकता है। कुछ समय से आप अपने जिस कार्य को लेकर अधिक मेहनत कर रहे थे, आज उसके अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है।
- **वृश्चिक :** अपने काम को रचनात्मक रूप देने के लिए अपनी कार्यप्रणाली में परिवर्तन लाना बेहतर रहेगा। किसी भी दुविधा की स्थिति में अनुभवी लोगों से विचार विमर्श करें, आपको तुरंत समाधान मिलेगा। विद्यार्थियों को आशातीत सफलता मिल सकती हैं।
- **धनु :** आज ग्रह स्थिति कुछ अनुकूल रहेगी। पिछले कुछ समय से चल रहे तनाव से भी राहत मिलेगी। घर की सुख-सुविधाओं संबंधी जरूरतें पूरी करने में आपका विशेष प्रयास रहेगा।
- **मकर :** अपने किसी भी फोन कॉल आदि को नजरअंदाज ना करें तथा मार्केटिंग व मीडिया से संबंधित कार्यों पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित रखें। क्योंकि आपका कोई विशेष प्रयोजन हल हो सकता है।
- **कुंभ :** प्रभावशाली तथा उत्तम विचारों के लोगों के साथ संपर्क में रहने की वजह से आपके व्यवहार में बहुत ही सकारात्मक परिवर्तन आएगा। दूसरों के दुख दर्द और तकलीफ में उनकी सहायता करना आपका विशेष गुण रहेगा।
- **मीन :** जो काम पिछले काफी समय से रुके हुए या अटके हुए थे, आज अल्प प्रयास से ही पूरे होने की संभावना है। सिर्फ अपनी योग्यता और मेहनत पर विश्वास रखने की जरूरत है। किसी रिश्तेदार द्वारा शुभ समाचार मिलने से खुशी मिलेगी।

## परिचित युवक ने युवती के साथ किया दुष्कर्म, केस दर्ज

सांध्यज्योति संवाददाता

**जयपुर, 21 अक्टूबर।** करधनी थाना इलाके में परिचित द्वारा युवती के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़िता ने शनिवार को करधनी थाने में संजय मीणा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई कि आरोपी ने उनके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील फोटो-वीडियो बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर बार-बार ब्लैकमेल कर संबंध बनाए और गर्भवती होने पर गर्भपात भी करवा दिया। पीड़िता ने रिपोर्ट में दिल्ली में फर्जी तरीके से शादी रजिस्टर्ड करने का भी आरोप लगाया है।

इधर, झोटवाड़ा थाने में शनिवार को फुलेरा निवासी एक महिला ने राजेश कुमावत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई कि आरोपी ने नशीला पेय पिलाकर दुष्कर्म कर दिया और अश्लील फोटो-वीडियो बना लिया। अब उसे वायरल करने की धमकी देकर बार-बार ब्लैकमेल कर रहा है। दोनों मामलों में संबंधित थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 56 करोड़ की लागत से बनेंगी सड़कें

सांध्यज्योति संवाददाता

**जयपुर, 21 अक्टूबर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि राज्य सरकार के सिर्फ 10 माह के कार्यकाल में अजमेर उत्तर क्षेत्र में 56 करोड़ लागत के नाला व सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत हुए हैं। आने वाले समय में क्षेत्र का कोई भी नाला कच्चा नहीं रहेगा। इनमें 6.32 करोड़ के नाला निर्माण हो चुके हैं। करीब 10 करोड़ रूपए की सड़कों के टेंडर जारी हो गए हैं। शेष कार्य प्रक्रियाधीन हैं।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने वार्ड संख्या 79 में द्वारका नगर ब्रह्मपुरी आश्रम के पास 79 लाख की लागत से तथा वार्ड 62 व 63 में प्रताप नगर में 104 लाख की लागत के नाला निर्माण कार्यों का शुभारम्भ किया।

इससे पूर्व वार्ड 67 दाता नगर में 23.60 लाख, वार्ड 63 में खुर्रे वाली गली से सर्वेश्वर नगर तक 109 लाख, कोटड़ा हरिभाऊ उपाध्याय नगर क्षेत्र में 167 लाख की लागत से नालों का निर्माण करार्त्वाया जा चुका है।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में देवनानी ने कहा कि 10 माह के अब तक के कार्यकाल में अजमेर को नाला व सड़क निर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भर एवं विकसित बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। मात्र 10 महीनों में करीब 30 करोड़ रूपए लागत के नाला निर्माण स्वीकृत कराए गए हैं। इनमें 20 करोड़ की लागत के नाला निर्माण की डीपीआर नगर निगम द्वारा बनाई जा रही है। इसी तरह 5-5 करोड़ के नाले एडीए व निगम द्वारा अपने फंड से बनवाए जा रहे हैं। इसी तरह 26 करोड़ की लागत से सड़क विकास कार्य स्वीकृत कराए गए हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पहले बजट में अजमेर जिले को 1500 करोड़ रूपए के विकास कार्यों की सौगातें मिली है। शीघ्र ही अजमेर अग्रणी शहरों की कतार में होगा। अजमेर में तीन रिजर्वायर बनाने के लिए 270 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है। बीसलपुर बांध से पानी की आवक बढ़ाने के लिए इण्टेक वेल भी बनाया जाएगा। इससे अजमेर को 7 टीएमसी तक पानी उपलब्ध होगा। ईआरसीपी परियोजना से फॉयसागर को जोड़ने से हमेशा पानी भरा रहेगा। जलदाय विभाग के पम्पिंग स्टेशनों पर निर्बाध विद्युत आपूर्त्ति के लिए अतिरिक्त फिडर से जोड़ने के लिए भी पर्याप्त राशि स्वीकृत की गई है।

उन्होंने कहा कि अजमेर में आयुर्वेद विश्वविद्यालय भी खुलेगा। इसके लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया जारी है। एम्स के स्तर की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वर्तमान टीबी अस्पताल भवन में सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक बनाया जाएगा। कोटड़ा में भी सैटेलाइट चिकित्सालय बनेगा।

उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अजयसर में लेपर्ड सफारी विकसित की जाएगी। यहां तक सुगम पहूंच सुनिश्चित करने के लिए चामुण्डा माता मन्दिर तक रोपे वे बनाया जाएगा। म्यूजियम बनने से भी पर्यटन में वृद्धि होगी। यातायात को पर्यावरण हितैषी बनाने के लिए 50 इलेक्ट्रीक बसें चलाई जाएगी।

इसी प्रकार एथेलेटिक एकेडमी और स्पोर्ट्स कॉलेज आरम्भ होने से खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। रोजगार बढ़ाने के लिए आईटी पार्क की स्थापना होगी। इसके लिए भूमि आवंटन किया जा चुका है। रोडवेज बस स्टेण्ड भी 40 करोड़ की लागत से नया बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अजमेर के विकास की गति अनवरत बनी रहेगी। पहले बजट में ही 1500 करोड़ से अधिक की सौगातें मिली है।

# 1235 खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लगाने का लक्ष्य

## खाद्य पदार्थ व्यापार संघ का शपथ ग्रहण



सांध्य ज्योति संवाददाता

**जयपुर, 21 अक्टूबर।** राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ द्वारा शपथ-ग्रहण, सम्मान एवं निवेश प्रोत्साहन समारोह जयपुर में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान मानवाधिकार आयोग के सदस्य अशोक कुमार गुप्ता थे। राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के चेयरमेन बाबूलाल गुप्ता ने आयोजित समारोह में संघ की कार्यकारिणी का विकेन्द्रीकरण करते हुए तीन भागों में विभाजित कर अधिकार निर्धारित किए। प्रांतीय कार्यकारिणी, संभागीय कार्यकारिणी और जिला स्तरीय कार्यकारिणी को समारोह के मुख्य अतिथि गुप्ता ने शपथ दिलाई। राज्य की 247 मण्डियों, आटा मीलों, दाल मीलों, तेल मीलों तथा मसाला उद्योगों को संघ की नवगठित कार्यकारिणी में प्रतिनिधित्व दिया गया। राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ का विस्तार करते हुए 20 जिलों में अध्यक्ष बनाये गए। संभागीय स्तर पर सातों संभाग के प्रभारी बनाए गए हैं। संभागीय पदाधिकारियों और कार्यकारिणी के सदस्यों की संख्या 72 रही। संघ की हाईपावर कमेटी प्रान्तीय कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इसमें एक कार्यकारी अध्यक्ष, दो संरक्षक, एक सलाहकार, छह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, एक महामंत्री, दो अतिरिक्त महामंत्री, दो मंत्री, एक कोषाध्यक्ष, एक सह कोषाध्यक्ष, दो संगठन मंत्री, तीन संयुक्त मंत्री, दाल मिल प्रकोष्ठ में एक उपाध्यक्ष, एक संगठन मंत्री और एक विषय सलाहकार बनाए गए। इसी प्रकार तेल मिल एवं मसाला उद्योग से पदाधिकारी बनाये गए।

### कार्यकारिणी में ये बनाए गए पदाधिकारी

इस प्रांतीय कार्यकारिणी में चेयरमेन बाबूलाल गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश चन्द्र अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष केदारनाथ अग्रवाल, राजेन्द्र खण्डेलवाल, प्रकाश चन्द मेहता, हेमेन्द्र गंगावत, रामचरण नाटाणी, प्रहलाद मेठी, महामंत्री रिद्धकरण सेठिया, अतिरिक्त महामंत्री राजेन्द्र कुमार तांबी, लक्ष्मीनारायण डंगायच, मंत्री सत्यनारायण चितलांग्या मनोनीत किए गए। राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के चेयरमेन बाबूलाल गुप्ता ने 247 मण्डियों से प्रति मण्डी खाद्य प्रसंस्करण इकाईयां लगाने का संकल्प कराया। 247 मण्डियों से 1235 औद्योगिक इकाईयां लगाने का प्रयास किया जाएगा। यह कार्य मण्डी में कार्यरत 5 हजार व्यापारियों द्वारा किया जाएगा जिसमें हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। गांव की पैदावार, गांव के श्रमिक का परिश्रम और गांव का उत्पाद देश और विदेश तक पहुंचाया जाएगा। 1235 इकाईयों की स्थापना राजस्थान के रिसर्जेन्ट राजस्थान में अहम भूमिका निभाएंगी। इस समारोह में 80 वर्ष से अधिक उम्र के 15 व्यापारियों को लाईफ टाइम अचीवमेन्ट अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

## कालूराम प्रांत अध्यक्ष डॉ. सांवर महामंत्री बने

सांध्यज्योति संवाददाता

**जयपुर, 21 अक्टूबर।** भारतीय किसान संघ की प्रदेश प्रांत प्रतिनिधि सभा रविवार को मालवीय नगर के पाथेय भवन में हुई। सभा की शुरुआत भारत माता एवं भगवान बलराम के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर की गई। मंच में विराजमान अतिथियों का माला व साफा पहनकर स्वागत किया गया। इस दौरान जयपुर प्रांत के चुनाव भी संपन्न करवाए गए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री गजेंद्र सिंह रहे। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि किसान खुशहाल होगा तो राष्ट्र खुशहाल होगा। गजेंद्र सिंह ने कहा कि राजस्थान का सौभाग्य है कि किसान संघ राजस्थान के कोटा से प्रारम्भ हुआ और आज पूरे देश में किसानों के सबसे बड़े संगठन के रूप में काम कर रहा है। आज इस सभा को देखकर लग रहा है कि अब किसान जाग रहा है। प्रतिनिधि सभा की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष बद्रीनारायण चौधरी की अध्यक्षता में बुलाई गई। इसमें कार्यकारी अध्यक्ष राम भरोसे बासोतिया का मार्गदर्शन मिला। इस अवसर पर जयपुर प्रांत के चुनाव भी संपन्न हुए, जिसमें कालूराम बागड़ा को प्रांत अध्यक्ष व डॉ. सांवर मल सोलेट को महामंत्री बनाया गया है। इस अवसर पर अखिल भारतीय कार्यकारी सदस्य कैलाश गंदोलिया, महिला प्रमुख मंजू दीक्षित, दल्लाराम बटेसर, प्रवीण सिंह चौहान, प्रान्त अध्यक्ष कालूराम बांगड़ा व प्रांत महामंत्री सांवर मल सोलेट मंचस्थ रहे।

# ग्लोबल हेल्थ एंड वैलनेस फेस्टिवल 9-10 नवंबर को

## बिड़ला ऑडिटोरियम में होगा आयोजन



सांध्यज्योति संवाददाता

**जयपुर, 21 अक्टूबर।** ग्लोबल हेल्थ एंड वैलनेस फेस्टिवल के तीसरे संस्करण की उल्टी गिनती की शुरुआत जयपुर हेल्थ एंड वेलनेस की ओर से आयोजित एक जोशपूर्ण वॉकथॉन के साथ हुई। इस आयोजन में 200 से अधिक समर्पित स्वयंसेवकों, जेएचडब्ल्यू टीम के सदस्यों और जयपुर वासियों ने भाग लिया, जिसका नेतृत्व जेएचडब्ल्यू के संस्थापक और सीईओ हिम्मत सिंह ने किया। जैसे ही सुबह की पहली किरणें जवाहर सर्किल पर चमकीं, प्रतिभागी यहां एकत्रित हुए।

संस्थापक और सीईओ हिम्मत सिंह ने इस अवसर पर कहा कि मैं जीएचडब्ल्यूएफ को लेकर बहुत उत्साहित हूं और वॉकथॉन के साथ हम अपनी स्वास्थ्य गतिविधियों की शुरुआत कर रहे हैं। यह सिर्फ जीएचडब्ल्यूएफ 2024 के लिए जागरूकता फैलाने का मौका नहीं है, बल्कि सभी समुदाय के साथ जुड़ने, स्वास्थ्य और कल्याण के महत्व को उजागर करने का अवसर है। हमारी टीम इस संस्करण को सबसे बड़ा और बेहतर बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। जेएचडब्ल्यू के सह संस्थापक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि वॉकथॉन के दौरान, प्रतिभागियों ने जवाहर सर्किल पर सुबह की सैर पर आए लोगों से बातचीत की और उन्हें जीएचडब्ल्यूएफ के बारे में जानकारी दी, जो 9 और 10 नवंबर को बिड़ला ऑडिटोरियम, जयपुर में आयोजित होगा। उन्होंने लोगों को जीएचडब्ल्यूएफ 2024 में भाग लेने के फायदों के बारे में बताया गया।

## रामभद्राचार्य जयपुर में करेंगे राम कथा, पोस्टर का विमोचन

सांध्यज्योति संवाददाता

**जयपुर, 21 अक्टूबर।** श्रीबालाजी गोशाला संस्थान सालासर के सान्निध्य और विद्याधर नगर स्टेडियम आयोजन समिति के तत्वावधान में जयपुर में पहली बार जगद्गुरु रामभद्राचार्य की श्रीराम कथा होगी। यह कथा विद्याधर नगर स्टेडियम में दिवाली के बाद 7 से 15 नवंबर तक होगी।

कथा 7 नवंबर को दोपहर 2 बजे से शुरू होगी। कथा के पोस्टर का विमोचन महंत रामचंद्रदास व भजन गायक कन्हैया मित्तल ने किया। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक राजन शर्मा, श्रीबालाजी गोशाला संस्थान अध्यक्ष रविशंकर पुजारी, हरिओम जन सेवा समिति अध्यक्ष पंकज गोयल, जगदीश चौधरी, सुमित मिश्रा व मुकेश सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक राजन शर्मा ने बताया कि एयरपोर्ट से विद्याधर नगर तक 100 तोरण द्वार बनाए जाएंगे। मार्ग में हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की जाएगी। रामकथा में राम कथा मर्मज्ञ एवं युवक्ता कुमार विश्वास भी राम कथा के गूढ़ रहस्यों से आमजन को अवगत कराएंगे।

श्रीबालाजी गोशाला संस्थान, सालासर के अध्यक्ष रविशंकर पुजारी व विद्याधर नगर स्टेडियम आयोजन समिति के सचिव एडवोकेट अनिल संत ने बताया कि 6 नवंबर को कलश यात्रा निकाली जाएगी।

# उपचुनाव में भाजपा में बगावत के सुर तेज

सांध्यज्योति संवाददाता

**जयपुर, 21 अक्टूबर।** उपचुनाव में टिकट वितरण के बाद भाजपा में बागियों के तेवर तीखे जो गए हैं। सलूंबर से भाजपा ने शांता देवी को टिकट दिया है। इस पर टिकट के दावेदार नरेंद्र मीणा ने बगावत कर दी है। उन्होंने कहा कि 20 साल धैर्य रखा। समर्थकों के बीच पहुंचे नरेंद्र मीणा रोने लगे। नरेंद्र ने अब समाज के लोगों का निर्णय लेकर उसे आलाकमान को भेजेंगे। टिकट पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। रामगढ़ में टिकट कटने से नाराज पिछली बार के भाजपा प्रत्याशी जय आहूजा ने बगावत कर दी। आहूजा के समर्थन में भाजपा के रामगढ़ विस क्षेत्र के सभी पांच मंडल अध्यक्षों ने इस्तीफे दे दिए हैं। दो हजार समर्थकों के साथ हुई इस पंचायत में विभिन्न समाजों के लोगों ने भी बात रखी। गांव व समाज ने निर्णय के लिए 48 घंटे दिया ?है।

झुंझुनूं में भाजपा ने राजेंद्र भांबू को प्रत्याशी बनाया है। 2023 में विधानसभा चुनाव लड़ चुके बबलू चौधरी इनके खिलाफ हैं। बबलू चौधरी ने समर्थकों की बैठक में चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। इस सीट पर भाजपा में चौथी बार बगावत के आसार बन गए। कार्यकर्ताओं से बबलू चौधरी ने कहा कि आपकी ताकत के साथ परचा भरेंगे। मेरे बिना यहां कमल नहीं खिलेगा। देवली-उनियारा में भाजपा ने राजेंद्र गुर्जर को मैदान में उतारा है, लेकिन विधानसभा चुनाव लड़ चुके विजय बैंसला का टिकट कटने से उनके समर्थक विरोध में उतर आए। समर्थक बैंसला को टिकट देने की मांग को लेकर पानी की टंकी और मोबाइल टावर पर चढ़ गए। दोनों ही समर्थक बैंसला को टिकट देने के बाद ही नीचे उतरने की बात कह रहे हैं। 6 सीटों पर विधानसभा उपचुनाव के लिए टिकट घोषित होते ही भाजपा और बीएपी में बगावत हो गई है। 6 में से 4 सीटों पर बागियों ने पार्टी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। 2023 के विधानसभा चुनाव में झुंझुनूं से बबलू चौधरी और रामगढ़ से जय आहूजा भाजपा टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। दोनों ने अब निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। सलूंबर में दावेदार नरेंद्र मीणा ने समर्थकों के साथ सभा की और टिकट बदलने मांग की है। उनका कहना है कि समाज की महापंचायत में वह चुनाव लड़ने पर फैसला करेंगे।

देवली उनियारा में विजय बैंसला को टिकट नहीं मिलने के विरोध में समर्थकों ने नाराजगी जताई। खींवसर से भी भाजपा का टिकट मांग रहे एक नेता ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है।

# छात्राओं ने बिखेरे फैशन के जलवे



सांध्यज्योति संवाददाता

**जयपुर, 21 अक्टूबर।** राजस्थान कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग फॉर वूमैन, भांकरोटा में शनिवार को फ्रेशर पार्टी आगाज 2024 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीनियर छात्राओं ने जूनियर नवआगन्तुक छात्राओं का हर्षोल्लास पूर्वक अभिनन्दन किया। समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ और सीनियर छात्रों ने एकल नृत्य और सामूहिक नृत्य से सभी का मन मोह लिया। कालेज के छात्रों ने सोलोडांस, ग्रुपडांस, फैशन शो, रैंपवॉक, ड्रामा, सोलोसांग, ग्रुपसांग, मिस फ्रेशर प्रतियोगिता का आयोजन किया।

जूनियर छात्राओं ने रैंप वॉक में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और मिस मालविका कौशल को मिस फ्रेशर के ताज से नवाजा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बसंत जैन बैराठी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतवर्षीय दिगंबर जैन महासभा मानद और महासचिव राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कॉलेज की छात्राओं को अपनी प्रोफेशनल गतिविधियों के साथ-साथ खेलकूद और फिजिकल फिटनेस पर भी ध्यान रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज निदेशक डॉ. अरिहंत खीचा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने सभी छात्राओं को अनुशासन के बारे में बताते हुए स्वअनुशासन विकसित करने को कहा। उन्होंने कहा कि सफलता प्राप्त करने का मार्ग अनुशासन से ही निकलता है, जो व्यक्ति या छात्र जीवन में अनुशासन को अंगीकार करते हैं, वे सदैव सफल रहते हैं। उन्होंने सभी छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।


**विज्ञापन व समाचार के लिए सम्पर्क करें**

दैनिक सांध्य ज्योति दर्पण में सी - स्कीम, श्याम नगर, सिविल लाईंस, वैशाली नगर, चित्रकूट, निर्माण नगर, अजमेर रोड वासी अपने क्षेत्र के समाचार वर्गीकृत विज्ञापन, सजावटी विज्ञापन तथा विज्ञापन बुकिंग काउंटर के लिए सम्पर्क करें।

**सुरेन्द्र मारवाल**
मारवाल पब्लिसिटी
मारवाल हाऊस, हवा सड़क,
सिविल लाइन्स, जयपुर-302006
मोबाइल : 93144-33020

दैनिक सांध्य ज्योति दर्पण हेतु राजापार्क एरिया के समाचार सकंलन एवं विज्ञापन बुकिंग के लिए सम्पर्क करें

**मौलिक एडवरटाइजिंग एजेन्सी**
एस-28, सरदार भवन, वसुन्धरा कॉलोनी, बिग बाजार वाली गली, टोंक रोड,
जयपुर 302018
फोन : 2703404
मो. 9828164559
फैक्स नं. 0141-2707338

**चौमूं**
विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
**मनीष यादव**
**यादव एडवरटाइजिंग एजेन्सी**
सांध्य ज्योति दर्पण
धोली मण्डी, तनिष्का आयुर्वेदिक के पास, चौमूं
मो. 9667902742

**अपने प्रियजनों की स्मृति में श्रद्धांजलि, पुण्यतिथि, तीये की बैठक और शोक संदेश के विज्ञापन मय फोटो साइज 5|4 सेमी मात्र 500/- रु. में प्रकाशित करायें।**


## गौ माता को राजमाता घोषित करने की मांग को लेकर कनक दंडवत



सांध्यज्योति संवाददाता

**जयपुर, 21 अक्टूबर।** गौ माता को राजमाता घोषित करने की मांग को लेकर 350 किलोमीटर की कनक दंडवत यात्रा करते हुए औंकारदास महाराज व जगदीश गुरु जी सहित 15 गौ भक्तों का दल जयपुर के श्री बैकुण्ठनाथ मन्दिर पहुंचा। सिविल लाइन्स विधायक गोपाल शर्मा मन्दिर पहुंचे और गौपालन मंत्री जवाहर सिंह बेढम को मन्दिर में ही बुलाकर ज्ञापन दिलवाया। मंत्री ने इस बारे में शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ प्रचारक जुगत किशोर भी पहुंचे। मन्दिर व परिक्रमा मार्ग मे सफाई के निर्देश दिए। मन्दिर में गायों को चारा डालने पर गार्डों ने रोक लगा रखी दी। विधायक ने इसे शुरू करवाया। इस अवसर पर माडल के भाजपा विधायक उदय लाल भडाना भी उपस्थित रहे। वैध वाटिका कॉलोनी विकास समिति अध्यक्ष गोपी कृष्ण शुक्ला व निवासियों ने विधायक गोपाल शर्मा का आभार जताया।

## फुटवीयर पर टैक्स कम करने के लिए जीएसटी आयुक्त को ज्ञापन

**जयपुर, 21 अक्टूबर।** प्रदेश के फुटवियर उद्यमियों के प्रतिनिधिमंडल ने एसजीएसटी विभाग के मुख्य आयुक्त प्रकाश राजपुरोहित को फुटवियर पर जीएसटी 12 से घटाकर वापस 5 फीसदी करने को लेकर ज्ञापन दिया है। प्रतिनिधिमंडल में यूकोरी के अध्यक्ष निलेश अग्रवाल, राजस्थान फुटवियर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष शिखर बैराठी, एफएफआर के अध्यक्ष जे.पी चुग, संयुक्त फुटवियर संघर्ष समिति के संयोजक नानकराम थावानी, फुटवियर होलसेलर विकास समिति के अध्यक्ष राजकुमार आसवानी, उद्यमी नरेश अग्रवाल, सियाराम शर्मा व सिद्धार्थ सिंह शामिल रहे।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन की बैठक हुई

सांध्यज्योति संवाददाता

**जयपुर, 21 अक्टूबर।** श्री कृष्ण यादव समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर रविवार को वीर भौमियाजी मंदिर गोविंदपुरा में बैठक हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान अहीर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद डॉ.करण सिंह यादव ने की। इस दौरान सामाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगाने के बारे में चर्चा की गई।

अतिथि के तौर पर नव नियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र यादव, पूर्व प्रधान एवं कार्यकारी अध्यक्ष हरसाय यादव, खेल बोर्ड के पूर्व सदस्य हरीश यादव, सामूहिक विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष सरदार सिंह यादव, लालचंद चोरिया, कांग्रेस नेता सुरेश यादव रहे। विवाह सम्मेलन स्मारिका का विमोचन भी किया गया। नव नियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष को सम्मानित किया गया।

# 18 घंटे में हुआ सड़क का निर्माण

## मंत्री राज्यवर्धन ने ली मीटिंग, अगले दिन बनी सड़क



सांध्यज्योति संवाददाता

**जयपुर, 21 अक्टूबर।** राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री और झोटवाड़ा से लोकप्रिय भाजपा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने जनसेवा और विकास कार्यों के लिए जनता के दिलों में जगह बनाई है। उन्नत सड़कों का विस्तार, झोटवाड़ा की उन्नति का आधार बन रहा है। 200 फीट अंडरपास के निकट सड़क की स्थिति सही नहीं थी, लेकिन कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने जनता से वादा किया था कि वह जल्द से जल्द इसे सही करवाएंगे और कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने एक बार अपना वादा निभाया। 17 अक्टूबर को विभागीय अधिकारियों के साथ इस समस्या से संबंध में बैठक की और मात्र 18 घंटे से भी कम समय में 18 अक्टूबर को ही सड़क बनवा दी। इतने कम समय में ही सड़क निर्माण करवाने के लिए जनता ने कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ का हार्दिक आभार जताया है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि संपूर्ण झोटवाड़ा में सड़क निर्माण कार्य प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जा रहा है। जनसहयोग से झोटवाड़ा विकास में अग्रणी हो रहा है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रेरणादायी और दूरदर्शी मार्गदर्शन में कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ प्रत्येक विकास कार्य को योजनाबद्ध तरीके से कर रहे हैं। इसी का सुखद परिणाम है कि कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ झोटवाड़ा में 9 महीने में ही 986.8 करोड़ के विकास कार्य करवा रहे हैं। जिससे झोटवाड़ा लगातार समृद्धि की राह पर आगे बढ़ रहा है। काम करने की यही रफ्तार झोटवाड़ा की पहचान बन रही है।


**NAME CHANGE**

I HAVE CHANGED MY NAME **RAVINA KHAN** TO **RUBINA KHAN**
**ADDRESS :** VILLAGE CHAWANDI KHURD POST RABHANA TEHSIL TAPUKARA DISTT-KHAIRTHAL TIJARA RAJASTHAN 301411



**पाठकों को सलाह**

पाठकों को परामर्श दिया जाता है कि विज्ञापनों के सम्बन्ध में कोई भी व्यवहार करने से पहले तथ्यों की समुचित जांच अवश्य कर लें, क्योंकि सांध्य ज्योति दर्पण विज्ञापनदाताओं द्वारा किए गए किसी भी दावे का न तो कोई आश्वासन देता है और न ही समर्थन करता है। इसलिए पाठकों को स्वयं ही अपने आधार पर सभी तथ्यों की जांच करनी चाहिए। किसी भी प्रकार के लेन-देन के लिए यह समाचार-पत्र उत्तरदायी नहीं होगा।



राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जल संसाधन खण्ड, भरतपुर**

**e-mail: wrdbharatpur@gmail.com**

क्रमांकः राजस्व/जसखंभ/2024/1466-79 दिनांकः 14.10.2024

**इश्तिहार नीलामी सूचना संख्या 1/2024-25**

कार्यवाही नीलामी अजमोल मौके अनुसार रैस्ट चौकी कौरैर तहसील डीग (साईट पर) पर जो कि नीलाम आम....मुन्दर्जे अनुवान को मुकाम रैस्ट चौकी कौरैर तहसील डीग (साईट पर) पर रिहैबिलिटेशन ऑफ भरतपुर फीडर के कार्य हेतु निम्न विवरण अनुसार साईट पर उपलब्ध पेड़ों को दिनांक 07.11.2024 एवं 08.11.2024 को वक्त 11.00 बजे नीलाम किया जावेगा। लिहाजा हर खास व आम को जरिये हाजा मुत्तले किया जाता है कि जिस किसी को खरीदना मंजूर हो वक्त, तारीख मुकर्रा पर हाजिर होकर बोली लगावें :-

| क्र. सं. | नहर का नाम | पेड़ों की संख्या | अन्दाजिया वजन | अनुमानित राशि | अमानत राशि | नीलामी दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सजोला माईनर बांयी व दांयी तरफ (0.000 किमी. से 7.950 किमी.) | 831 | 2849.42 क्विंटल | रु. 872307.18 | रु. 17447 | 7.11.2024 |
| 2 | भरतपुर डिस्ट्रीब्यूटरी बांयी व दांयी तरफ (0.000 किमी. से 13.000 किमी.) | 1768 | 8342.40 क्विंटल | रु. 2334460.06 | रु. 46690 | |
| 3 | कुम्हेर माईनर बांयी व दांयी तरफ (0.000 किमी. से 2.280 किमी.) | 98 | 143.38 क्विंटल | रु. 45209.26 | रु. 905 | |
| | योग | 2697 | | रु. 3251976.50 | रु. 65042 | |
| 4 | भरतपुर फीडर बांयी व दांयी तरफ (0.000 किमी. से 9.357 किमी.) | 545 | 1744.12 क्विंटल | रु. 546538.70 | रु. 10931 | 8.11.2024 |
| 5 | तमरेर माईनर बांयी व दांयी तरफ (0.000 किमी. से 3.500 किमी.) | 288 | 626.08 क्विंटल | रु. 181172.36 | रु. 3624 | |
| 6 | दांदुका माईनर बांयी व दांयी तरफ (0.000 किमी. से 1.829 किमी.) | 169 | 661.50 क्विंटल | रु. 175208.58 | रु. 3505 | |
| | योग | 1002 | | रु. 902919.64 | रु. 18060 | |

नोटः- नीलामी की शर्तों एवं पेड़ों की किस्म का किसी भी कार्य दिवस में जल संसाधन खण्ड भरतपुर एवं जल संसाधन उपखण्ड कुम्हेर में अवलोकन किया जा सकता है।

(बनैसिंह)
अधिशाषी अभियंता
जल संसाधन खण्ड, भरतपुर
मो.: 9414282868

डीआईपीआर/सी/10112/2024

## आज का दिन

कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्थी, विक्रम सं. 2081, शक संवत् 1946, हिजरी 1446, तदनुसार अंग्रेजी दिनांक 21 अक्टूबर, सन् 2024 ईस्वी। वार- सोमवार, सूर्य-दक्षिणायण, ऋतु-शरद

## सम्पादकीय

### चुनाव पूर्व इंडिया गठबंधन में तालमेल का संकट

**हरियाणा** विधानसभा चुनाव में हार के बाद जब विपक्षी दलों के इंडिया ब्लॉक को ज्यादा तालमेल और एकजुटता दिखाने की जरूरत थी, तब झारखंड में सीट बंटवारे के सवाल पर उसमें बिखराव दिख रहा है। आलम यह है कि गठबंधन का पुराना सहयोगी दल आरजेडी साफ शब्दों में कह रहा है कि उसके सभी विकल्प खुले हैं। दिलचस्प है कि सीटों के बंटवारे पर घोषणा से पहले न केवल कांग्रेस नेता राहुल गांधी बल्कि आरजेडी प्रमुख तेजस्वी यादव भी रांची में थे। फिर भी, मीडिया में सीट बंटवारे पर सहमति का एलान करते हुए आरजेडी या लेफ्ट का प्रतिनिधित्व करने वाला कोई नहीं था। एकतरफा घोषणा कर दी गई कि 81 में से 70 सीटों पर कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) लड़ेंगे। बाकी सीटें अन्य दलों यानी आरजेडी और सीपीआई-एमएल को दी जानी हैं। मगर किसे कितनी सीटें मिलेंगी, इसे लेकर फिलहाल अटकलबाजी ही चल रही है। कुछ ही समय पहले यूपी में दस सीटों पर हो रहे उपचुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी ने भी कुछ ऐसा ही किया था। कांग्रेस को विश्वास में लिए बगैर दस में से छह सीटों पर उसने अपने उम्मदीवार उतारने की घोषणा कर दी। वैसे तो राज्यों के चुनावों में पार्टियों का ऐसा रुख पहले भी दिखता रहा है, लेकिन खासकर हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद इंडिया के क्षेत्रीय घटक दलों की ओर से उसे दबाव में लाने की कोशिश देखी गई। ऐसे में क्या झारखंड में जेएमएम के साथ मिलकर दिखाया गया यह रुख उन दलों को कांग्रेस का जवाब है? वैसे, अगर पिछले चुनावों के आंकड़ों की कसौटी पर देखें तो सीट बंटवारे का जेएमएम-कांग्रेस फॉर्म्युला ज्यादा अटपटा नहीं लगता। पिछले विधानसभा चुनाव में आरजेडी ने सात सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे और एक सीट पर उसे जीत मिली थी। पांच सीटों पर वह दूसरे नंबर की पार्टी थी। ऐसे में उसे छह सीटों की पेशकश एक स्तर पर तर्कसंगत ही कही जाएगी। आरजेडी हालांकि इसे राज्य में अपने बढ़े हुए प्रभाव के आधार पर गलत करार दे रहा है। उसका कहना है कि आपसी बातचीत से मिलजुलकर कोई रास्ता निकाला जाना चाहिए था। दूसरे शब्दों में, उसे कुछ ज्यादा सीटें दी जानी चाहिए थीं। खास बात यह कि कोई सर्वसम्मत फॉर्म्युला न निकाले जाने पर उसने 15 से 18 सीटें ऐसी बताई हैं जिन पर उसे भरोसा है कि राष्ट्रीय जनता दल, बीजेपी को हरा भी सकता है। अगर इसे बढ़ा-चढ़ाकर दिया गया बयान मान भी लें तो यह कहना गलत नहीं होगा कि पार्टी इन सीटों पर इंडिया ब्लॉक की संभावनाएं बिगाड़ सकती है। आखिर, हरियाणा में कुछ हजार वोटों के अंतर से भाजपा के हाथ तीसरी बार सत्ता की चाबी लगी।

*एकतरफा घोषणा कर दी गई कि 81 में से 70 सीटों पर कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) लड़ेंगे। बाकी सीटें अन्य दलों यानी आरजेडी और सीपीआई-एमएल को दी जानी हैं।*

## विदेशी अखबारों से

### शी जिनपिंग ने किया मिसाइल बल की एक ब्रिगेड का निरीक्षण

**चीन** के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने सेना के सामरिक मिसाइल बल की एक ब्रिगेड का निरीक्षण किया है, जिसमें भ्रष्टाचार को लेकर हाल के वर्षों में बड़े पैमाने पर अधिकारियों की छंटनी की गई थी। मीडिया में शनिवार को आई एक खबर में यह जानकारी दी गई। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, शी ने हेफेई में चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के रॉकेट फोर्स का दौरा किया, जो परमाणु हथियारों सहित मिसाइलों का संचालन करने वाली सेना की एक प्रमुख इकाई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्होंने सामरिक मिसाइल सैनिकों से अपनी प्रतिरोधक क्षमता और लड़ाकू क्षमताओं को मजबूत करने तथा चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) और जनता द्वारा सौंपे गए कार्यों को दृढ़ता से पूरा करने का आग्रह किया। रॉकेट फोर्स को 2015 में शी द्वारा सैन्य पुनर्गठन के तहत स्थापित किया गया था। यह सेना में चलाए जा रहे भ्रष्टाचार रोधी अभियान के केंद्र में रही है। सत्तारूढ़ सीपीसी का नेतृत्व कर रहे राष्ट्रपति पद पर आसीन शी (71) चीनी सेना के समग्र उच्च कमान, केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) के भी प्रमुख हैं। लंबी और छोटी दूरी की मिसाइलों का संचालन करने वाली रॉकेट फोर्स का उनका दौरा महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि हाल के वर्षों में इस प्रमुख सैन्य इकाई में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चलाया गया है। पूर्व रक्षा मंत्री जनरल ली शांगफू सहित इसके कई अधिकारियों को कथित भ्रष्टाचार के कारण बर्खास्त कर दिया गया था। जनरल ली शांगफू, रक्षा मंत्री के रूप में पदोन्नत किये जाने से पहले रॉकेट फोर्स के प्रमुख थे। उन्हें बाद में बर्खास्त कर दिया गया था।

## प्रेरक प्रसंग

### अनमोल है समय

**समय** जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और अनमोल अंग है। व्यक्ति का समय उसके जीवन के प्रत्येक पहलू पर प्रभाव डालता है, और इसलिए समय को सही तरीके से प्रबंधित करना जीवन की सफलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आइये पढ़तें है समय के ऊपर एक प्रेरक कहानी। एक समय की बात है एक गाँव में श्रीपटेल नाम का एक बुद्धिमान बूढ़ा व्यक्ति रहता था। वह अपनी बुद्धिमत्ता और दयालुता के लिए दूर-दूर तक जाने जाते थे। पड़ोसी गांवों के लोग अक्सर उनसे सलाह और मार्गदर्शन लेने आते थे। एक धूप भरी सुबह, राज नाम का एक युवक श्रीपटेल से मिलने आया। राज एक मेहनती लेकिन अधीर व्यक्ति था जिसे अक्सर लगता था कि समय उससे दूर जा रहा है। उसने श्री पटेल से कहा कि सर, मैं हमेशा जल्दी में रहता हूं। मेरे पास कभी भी इतना समय नहीं होता कि मैं जो करना चाहता हूं उसे पूरा कर सकूं। मैं अपने समय का बेहतर उपयोग कैसे कर सकता हूं? श्री पटेल मुस्कुराये और उन्होंने राज को अपने साथ घूमने के लिए आमंत्रित किया। वे टहलते हुए पास की एक नदी तक गए, और श्री पटेल ने राज को नदी के किनारे एक बड़ी चट्टान पर बैठने के लिए कहा। फिर उन्होंने राज को एक अद्वितीय खाली गिलास दिया और कहा कि राज, मैं चाहता हूँ कि तुम इस गिलास को नदी के पानी से भर दो। राज हैरान लग रहा था लेकिन उसने वैसा ही किया जैसा उससे कहा गया था। उसने गिलास को नदी में डुबाया, लेकिन जैसे ही उसने उसे बाहर निकाला, गिलास उसके हाथ से फिसलने लगा।

# एमएसपी की घोषणा, बाजारी ताकतों पर नियंत्रण जरूरी

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

*देश में 1966-67 में सबसे पहले गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई थी। आज से लगभग 60 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक अगस्त 1964 को एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी घटित की थी। गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीद व्यवस्था का एक विपरीत प्रभाव सामने आने पर कि किसान अन्य फसलों की जगह गेहूं की फसल पर ही केन्द्रित होने लगे तो ऐसी स्थिति में सरकार ने अन्य प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरें में लाया गया। कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है।*

**बुवाई** से पहले या बुवाई के समय फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाती है कि किसानों को कौन सी फसल लेना लाभकारी रहेगा इस पर सोच विचार कर निर्णय करने का अवसर मिल जाता है। पिछले कुछ सालों से केन्द्र सरकार द्वारा खरीफ हो या रबी लगभग इनके बुवाई के समय ही न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर दी जाती है। इसे सरकार की सकारात्मक पहल भी कहा जा सकता है। केन्द्र सरकार ने रबी सीजन की गेहूं, सरसों सहित छह प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की है। एमएसपी की घोषणा करते समय यह भी दावा किया गया है कि इन सभी छहों फसलों के एमएसपी का निर्धारण लागत से अधिक किया गया है जिससे किसानों के लिए यह फसलें लाभकारी सिद्ध हो सके। दावों की माने तो लागत की तुलना में सर्वाधिक 105 प्रतिशत अधिक एमएसपी गेहूं की घोषित की गई है, सबसे कम कुसुम की लागत से 50 प्रतिशत अधिक है तो चना और जौ की लागत से 60 फीसदी अधिक घोषित की गई है। सरसों की लागत से 98 फीसदी तो मसूर की 89 प्रतिशत अधिक राशि तय की गई है। निष्कर्ष रुप से यह कहा जा सकता है कि लागत की तुलना में सभी छह फसलों की एमएसपी दरों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई है। एमएसपी की घोषणा करते समय सरकार ने लागत में खाद-बीज, कीटनाशक, सिंचाई पर व्यय के साथ ही मानव श्रम का भी समावेश किया गया है। ऐसे में लागत से अधिक राशि मिलना किसानों के लिए लाभकारी हो सकता है। देश में 1966-67 में सबसे पहले गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई थी। आज से लगभग 60 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक अगस्त 1964 को एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी घटित की थी। गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीद व्यवस्था का एक विपरीत प्रभाव सामने आने पर कि किसान अन्य फसलों की जगह गेहूं की फसल पर ही केन्द्रित होने लगे तो ऐसी स्थिति में सरकार ने अन्य प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरें में लाया गया। कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। देश में गेहूं, धान आदि 7 अनाज फसलें, 5 दलहनी, 7 तिलहनी, 4 नकदी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। नकदी फसलों में गन्ना के सरकारी खरीद मूल्य की गन्ना आयोग द्वारा की जाती है तो गन्ने की खरीद भी गन्ना मिलों द्वारा की जाती है। इसी तरह से कपास की खरीद सीसीआई यानी कि कॉटन कारपोरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा की जाती है।



केन्द्र सरकार द्वारा प्रमुखत: राज्यों में सहकारी संस्थाओं के नेटवर्क के माध्यम से एमएसपी की खरीद की जाती है। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश में सहकारी संस्थाओं का विस्तृत और सीधे काश्तकारों की पहुंच का नेटवर्क है। अब ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और फिर खरीद के बाद ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था से पारदर्शिता आई है। पर सवाल अभी वहीं है कि जब तक बाजार में खासतौर से मण्डियों में एमएसपी फसलों के भाव घोषित एमएसपी दरों के समकक्ष नहीं आते तब तक खरीद जारी रहने से ही काश्तकारों को सही मायने में इस व्यवस्था का फायदा मिल सकता है। दुर्भाग्य की बात यह है कि पारदर्शी व्यवस्था में भी बिचौलियों ने सेंध लगा ली है और लाख प्रयासों के बावजूद छोटे किसानों को सब तो नहीं पर कुछ काश्तकारों को व्यवस्था का लाभ नहीं मिल पाता। इसमें व्यवस्था का दोष इस मायने में हैं कि किसान को अपनी तात्कालीक व आवश्यक जरुरतों को पूरा करने के लिए साहूकार पर निर्भर रहना पड़ता है, ऐसे में काश्तकार अपनी फसल काश्तकार के नाम कर उससे अग्रिम राषि ले लेता है और बदले में काश्तकार के दस्तावेज से बिचौलियें लाभ उठा लेते हैं।

यह तो साफ है कि गेहूं और धान की खरीद सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर की जाती रही है और इसका प्रमुख कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरण व्यवस्था के सुचारु संचालन और बाजार पर नियंत्रण रखना रहा है। अन्य फसलों का जहां तक सवाल है देश के अधिकांश प्रदेशों में खाद्यान्नों की खरीद एफसीआई द्वारा राज्यों के मार्केटिंग फैडरेशनों के माध्यम से सहकारी संस्थाओं द्वारा व तिलहनों और दलहनों की खरीद नैफड द्वारा भी इसी व्यवस्था के तहत किया जाता रहा है। एक समय था जब न्यूनतम खरीद आरंभ होते ही मण्डी में भी भावों में तेजी आने लगती थी। पर अब ऐसा नहीं हो रहा है इसके कारण क्या है, इस पर विचार करना।

दरअसल बिचौलियों ने एमएसपी खरीद व्यवस्था में सैंध लगा दी है। किसान से ही खरीद और ऑनलाइन व्यवस्था के बावजूद इस व्यवस्था का लाभ बिचौलिएं अधिक उठाने लगे हैं। सवाल यह है कि केन्द्र व राज्य सरकारें एमएसपी व्यवस्था को फूलप्रुफ बनाना सुनिश्चित कर दे और सरकार द्वारा घोषित एमएसपी से मण्डियों में भाव नीचे जाते ही तत्काल खरीद आंरभ हो जाएं तो निश्चित रुप से अन्नदाता को इस व्यवस्था का पूरा पूरा लाभ मिल सकता है। इसके साथ ही इस व्यवस्था में जिस तरह से सैंध लगाई गई है उसे रोकने के भी ठोस प्रयास किए जाने आवश्यक है। कहीं ना कहीं एक बार फिर से बाजार व्यवस्था का भी अध्ययन करना होगा। क्यों खरीद बंद होने के कुछ समय बाद ही जिंसों के भाव बढ़ने लगते हैं। हाल ही में गेहूं के भावों में बढ़ोतरी और हर साल एक समय विशेष पर आलू, प्याज, टमाटर के भाव का बढ़ जाना कहीं ना कहीं यह बताता है कि कमोबेस बाजार ताकतें अधिक शक्तिशाली है और वे ही डोमिनेट करती है। इसलिए एक और जहां एमएसपी की खरीद व्यवस्था में सुधार व किसानों को ही वास्तविक लाभ मिले इसके प्रयास करने की आवश्यकता है उसी तरह से बाजार की ताकतों पर भी नजर रखना जरुरी हो जाता है ताकि एक और तो काश्तकार को ठगा महसूस करने से बचाया जा सके और आम नागरिक भी ठगा हुआ महसूस ना कर सके। कहीं ना कहीं बाजार पर सरकार के नियंत्रण की आवश्यकता है नाकि बाजारु ताकतों के हाथ में छोड़ने की। ऐसा होने पर ही सही मायने में एमएसपी व्यवस्था का लाभ मिल सकेगा।

# महाराष्ट्र में होगी 'असली-नकली' की लड़ाई

**गंगाधर ढोबले**

**महाराष्ट्र** में चुनाव की घोषणा के साथ ही राजनीतिक हलचल और तेज हो चुकी है। छोटे-मोटे कोई 16 दल मैदान में हैं। इनमें से 6 प्रमुख दल दो गठबंधनों में बंटे हैं, जबकि बाकी 10 छोटे दलों का अपना अलग गठबंधन है। इसे तीसरी आघाड़ी कहा जाता है। इसमें से 7 तो दो बड़े गठबंधनों के साथ हो गए हैं, जबकि बचे 3 ने अपना अलग कुनबा बनाया है, जिसे परिवर्तन महाशक्ति आघाड़ी नाम दिया गया है। चौथा कुनबा भी है, जिसका नाम है वंचित आघाड़ी। भीमराव आंबेडकर के पोते प्रकाश इसके नेता हैं। उन्होंने एआईएमआईएम के ओवैसी के साथ हाथ मिलाया है। राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना, महायुति की ओर झुकती नजर आ रही है।

इनमें से प्रमुख दो ही गठबंधन हैं, महायुति और महाविकास आघाड़ी। महायुति का नेतृत्व भाजपा के पास है, जबकि महाविकास आघाड़ी में कांग्रेस सबसे बड़ा दल है। विभाजित शिवसेना और एनसीपी के गुट इनके घटक दल हैं। इन दलों और उनके नेताओं के लिए यह चुनाव अस्तित्व की लड़ाई है। असली शिवसेना किसकी है, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की या उद्धव ठाकरे की, या असली एनसीपी अजित पवार की या शरद पवार की, यह भी साबित होना है। भाजपा के देवेंद्र फडणवीस और कांग्रेस के नाना पटोले के समक्ष भी अपने को साबित करने की चुनौती है। तीसरी या चौथी आघाड़ी के समक्ष कोई चुनौती नहीं, उन्हें तो हाजिरी लगाने के लिए चुनाव लड़ना है। कुल वोटिंग में उन्हें एक से 1.5त्न वोट ही मिलते रहे हैं। भाजपा के कोटे में लगभग 150 सीटें आ सकती हैं। पार्टी ने शत प्रतिशत जीत का लक्ष्य रखा है। इसका मतलब कि इस चुनाव में अधिकाधिक सीटें जीतना और 2029 में अपने बलबूते सरकार बनाने का लक्ष्य। इससे शिवसेना का शिंदे गुट और एनसीपी का अजित पवार गुट चौकन्ना हो गया है। भाजपा के लिए भी ये दोनों गुट बोझ बनते लग रहे हैं। अजित पवार को लेकर संघ के लोग पहले से नाराज हैं। हरियाणा में भाजपा-संघ के विशाल नेटवर्क ने हारती हुई बाजी पलट दी थी। वोटर्स तक सीधी पहुंच के लिए ऐसा ही नेटवर्क महाराष्ट्र में भी तैयार है। संघ ने अपने एक वरिष्ठ अधिकारी अतुल लिमये को जिम्मेदारी सौंपी है। अंचल से लेकर जिला, शहर और ग्राम स्तर तक उनकी बैठकें जारी हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना को सत्ता में होने का लाभ मिलेगा। वह लगभग 70 सीटों पर लड़ सकती है। मंत्रिमंडल की पिछली दो-तीन बैठकों में शिंदे ने जिस गति से फैसले लिए, उससे उनकी छवि चमक चुकी है। अंतिम बैठक में 10 मिनट में ही अजित पवार के उठकर चले जाने से साफ हो गया है कि उनकी कम चलती है। इस बैठक में 150 मिनट में रेवड़ियां बांटने वाले 50 से अधिक फैसलों से लोग चौंक गए। लाड़की बहीण (लाडली बहना) योजना, छोटे किसानों को मुफ्त बिजली, साल में तीन मुफ्त रसोई सिलिंडर, युवकों को अप्रेंटिस सहायता, लड़कियों को छात्रवृत्ति, मुंबई के पांच टोल नाकों पर टोल छूट वगैरह ऐसी रेवड़ियां हैं, जिन पर राज्य का सालाना कोई एक लाख करोड़ रुपये खर्च होगा। अजित पवार की बगावत से मतदाता खुश नहीं दिखते। संघ ने लोकसभा चुनाव में हार का ठीकरा अजित पवार पर फोड़ा है। महायुति में अब उनका दम घुट रहा है, लेकिन शरद पवार ने उनकी वापसी की राह बंद कर दी है। वह अपने गुट के लिए 55-60 सीटें मांग रहे हैं। इससे कम सीटें मिलीं तो पार्टी में ही फूट पड़ जाएगी। अजित खुद बारामती या शिरूर या अन्य किसी सुरक्षित सीट से लड़ सकते हैं। अजित के लिए अपना वजूद बनाए रखने का यही एक अवसर है। लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में कांग्रेस ने सर्वाधिक 13 सीटें जीती थीं। लेकिन सारा जोश और आत्मविश्वास हरियाणा में हार के साथ धुल गया। पार्टी को घटक दलों के साथ अधिक तालमेल से पेश आना होगा। गुटबाजी से बचना होगा। उसे शरद पवार जैसे परिपक्व दिग्गज के साथ मिलकर दांव-पेच बनाने होंगे। सही उम्मीदवारों का चयन मुख्य मुद्दा होगा। शिवसेना में फूट के बाद ठाकरे सेना में आई मायूसी अब दूर हो चुकी है। पिछले लोकसभा चुनाव में उसने शिंदे सेना से दो सीटें अधिक जीती हैं। उद्धव खुद महाविकास आघाड़ी की तरफ से सीएम पद का चेहरा बनना चाहते हैं, लेकिन कांग्रेस और शरद पवार ने उनकी मांग ठुकरा दी है। मुंबई, ठाणे, कोंकण में उद्धव सेना का दबदबा है। वहां शिंदे सेना के साथ उनकी सीधी टक्कर हो सकती है। उद्धव का स्वास्थ्य और कार्यकर्ताओं व नेताओं के साथ मेल-मिलाप की कमी उनका कमजोर पक्ष है। आघाड़ी में शरद पवार सबसे अनुभवी, परिपक्व और शानदार रणनीतिकार हैं। वह अपने बलबूते 60 से अधिक सीटें पा सकते हैं। लेकिन, केवल उनके बल पर महाविकास आघाड़ी सत्ता के करीब कितना पहुंच सकती है, यह सवाल है। हृष्टक्क में फूट पड़ी, तब 41 विधायक अजित पवार अपने साथ ले गए। केवल 12 विधायक ही शरद पवार के साथ बचे थे। उन्होंने फिर से पार्टी संगठित की है। लोकसभा में अजित के मुकाबले उन्हें बहुत अधिक सफलता मिली। इससे अजित गुट के कई लोग अब फिर से शरद पवार के रास्ते पर हैं। उनके पुणे स्थित 'मोदीबाग' बंगले में नेताओं का आना-जाना बढ़ गया है। पाला बदलने के इच्छुक लोगों में अजित गुट, भाजपा और कांग्रेस के कई नेताओं के भी नाम हैं।

*मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना को सत्ता में होने का लाभ मिलेगा। वह लगभग 70 सीटों पर लड़ सकती है। मंत्रिमंडल की पिछली दो-तीन बैठकों में शिंदे ने जिस गति से फैसले लिए, उससे उनकी छवि चमक चुकी है। अंतिम बैठक में 10 मिनट में ही अजित पवार के उठकर चले जाने से साफ हो गया है कि उनकी कम चलती है। इस बैठक में 150 मिनट में रेवड़ियां बांटने वाले 50 से अधिक फैसलों से लोग चौंक गए। लाड़की बहीण (लाडली बहना) योजना, छोटे किसानों को मुफ्त बिजली, साल में तीन मुफ्त रसोई सिलिंडर, युवकों को अप्रेंटिस सहायता, लड़कियों को छात्रवृत्ति, मुंबई के पांच टोल नाकों पर टोल छूट वगैरह ऐसी रेवड़ियां हैं, जिन पर राज्य का सालाना कोई एक लाख करोड़ रुपये खर्च होगा।*

## हास्य-व्यंग्य

# करवा चौथ का लाइकाचार...

**आलोक पुराणिक**

**किंचित-घूंघटनशीं,** अर्ध-घूंघिटाएं भी करवा-चौथ पर अपनी करवा-चौथी फोटुएं फेसबुक पर लोड कर रही थीं और सैकड़ों पराये मर्दों द्वारा लाइक होकर मुस्कुरा रही थीं।

एक बुजुर्ग ने यह सीन देखकर नाराजगी जाहिर की-बताओ, ऐन करवा-चौथ के दिन पराये मर्द लाइक कर रहे हैं और ये प्रसन्न-मगन हो रही हैं।

मैंने निवेदन किया कि ठीक है कि पराये मर्दों ने लाइक किया मिसेज करवा-चौथ को, पर मतलब उस सेंस में लाइक नहीं किया है, जिस सेंस में आप या कोई और समझ सकता है।

उस सेंस में नहीं किया-यह हर छिछोरे का सूत्र -वाक्य होता है- बुजुर्गवार ने यह बयान देते हुए मेरे निवेदन को कतई लाइक नहीं किया।

फेसबुक का हिसाब-किताब देखें तो, भारतीय समाज उदार हो रहा है। फेसबुकी पब्लिक तो उदार हो रही है, पर जो फेसबुक पर नहीं हैं, उनका क्या।

ऐसे पहलवानों (जो फेसबुक पर नहीं हैं) को समझाने में उन पराये मर्दों को बहुतै दिक्कत आ सकती है, जिन्होने पहलवानों की बहू-बेटियों को फेसबुक पर लाइक किया है।

इस संबंध में एक (गैर-फेसबुकी) पहलवान ने मेरी बात पूरे सुने ही घोषणा कर दी, हाथ-पैर तोड़ दूंगा उसके, जिसने मेरी बहन को फेसबुक पर लाइक किया।

इस पहलवानी घोषणा को सुनने के बाद मैं अपनी उस महिला-मित्र की फेसबुक वाल पर करवा-चौथी दिनों में कतई ना गया, जिसके पति एक(गैर-फेसबुकी) शूटर हैं। इस मुल्क में अब फेसबुकी-पब्लिक और गैर-फेसबुकी पब्लिक के आचार-विचार पर बात करने का वक्त आ गया है। फेसबुकी लाइक को कुछ और समझता है, गैर-फेसबुकी लाइक को कुछ और समझ सकता है। कोई दस करोड़ भारतवासी फेसबुकी हो चुके हैं, यानी एक तिहाई अमेरिकन आबादी जितनी आबादी तो भारत में फेसबुकी है।

खैर मसला यह है कि इस मुल्क को अभी समझना-समझाना है कि लाइक किस सेंस में। यूएस में आमतौर पर लोग लाइक को दिल पे ना लेते, इंडिया में कई फेसबुकी सुंदरियों के लाइक को दिल पे जाते हैं। एक लाइक पर सपनों की मल्टी-स्टोरी बिल्डिंग तान देते हैं।

कोई फेसबुक पर दस बजे लाइक करके दस बजकर सात मिनट पर अनलाइक कर सकता है। कई नौजवान किसी सुंदरी के सात मिनट के लाइक पर ही सात जन्मों का बंधन बांधने को तैयार हो सकते हैं।

इंडिया में होना यह चाहिए कि जैसे ही कोई सुंदरी फेसबुक पर किसी को लाइक करे, फौरन एक मैसेज स्क्रीन पर उभरे-दिल पे मत ले यार, बी कूल।

# द.अफ्रीका को हराकर पहली बार विश्व विजेता बनीं न्यूजीलैंड

**दुबई।** न्यूजीलैंड की 32 रनों से ऐतिहासिक जीत के साथ दुनिया को महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का नया विश्व चैंपियन मिल गया है। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में कीवियों ने गत उपविजेता दक्षिण अफ्रीका को कभी न भूलने वाली शिकस्त देकर खिताब अपने नाम कर लिया। महिला टी20 विश्व कप 2024 का नौवां संस्करण न्यूजीलैंड के नाम रहा। ग्रुप चरण में छह अंक और +0.879 के नेट रनरेट के आधार पर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करने वाली टीम ने इस टूर्नामेंट में लगातार चौथी जीत दर्ज की। इससे पहले कीवियों ने 18 अक्तूबर को वेस्टइंडीज को आठ रनों से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।




दुबई के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। कीवियों ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 158 रन बनाए। जवाब में अफ्रीकी टीम नौ विकेट पर 126 रन ही बना सकी। इस तरह न्यूजीलैंड ने अपना पहला खिताब जीत लिया। वहीं, लौरा वोलवार्ड्ट के नेतृत्व वाली टीम को लगातार दूसरी बार फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। पिछली बार अपने घरेलू मैदानों में हुए टी 20 विश्व कप के फाइनल में उन्हें ऑस्ट्रेलिया के हाथों 19 रन से हार का सामना करना पड़ा था।

इस मुकाबले में न्यूजीलैंड की स्टार ऑलराउंडर अमेलिया केर ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले बल्ले से प्रभावित किया, बाद में गेंद से अपनी छाप छोड़ी। 24 वर्षीय खिलाड़ी ने चार चौकों की मदद से 43 रन बनाए और तीन विकेट झटके। इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया। वहीं, पूरे टूर्नामेंट के दौरान 15 विकेट और 135 रन बनाने के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया। वह महिला टी20 विश्व कप 2024 में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाली गेंदबाज हैं।

खिताबी मैच में जीत के बाद न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने कहा- एक बार जब मैं ट्रॉफी पर अपना हाथ रख लूंगी, मुझे खुशी मिल जाएगी। मैंने कल रात से ही सपने देखना शुरू कर दिया था कि इस टीम के साथ ट्रॉफी को पकड़ना कैसा लगता है, मैं हमसे आगे नहीं निकलना चाहती थी। इस टीम के साथ काफी समय बिताया। इस टीम के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि हम जानते हैं कि हम पिछले 15, 18, 24 महीनों में क्या हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। हम सही दिशा में कदम बढ़ाते रहे, आप गति चाहते हैं और हम लगातार 10 हार के बाद विश्व कप में आए। लेकिन हर कोई शून्य से शुरू करता है।

# हॉकी: जर्मनी के खिलाफ टेस्ट मैचों के लिए वरूण कुमार की भारतीय टीम में वापसी, श्रीजेश के बिना उतरेगा भारत

**नई दिल्ली।** जर्मनी के खिलाफ 23 और 24 अक्टूबर को यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर होने वाले दो टेस्ट मैचों के लिये डिफेंडर वरूण कुमार की भारतीय हॉकी टीम में वापसी हुई है।



एक जूनियर वॉलीबॉल खिलाड़ी द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाये जाने के कारण वरूण पेरिस ओलंपिक और एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी टीम में जगह नहीं बना सके थे।

फरवरी में बंगलूरू पुलिस ने वरूण पर पोक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम के तहत आरोप लगाये थे जब 22 वर्ष की एक महिला ने आरोप लगाया था कि पिछले पांच साल से वरूण ने कई बार उसका यौन उत्पीड़न किया है और इसकी शुरूआत तब हुई जब वह नाबालिग थी। हॉकी इंडिया सूत्रों ने बताया कि सभी आरोपों से क्लीन चिट मिलने के बाद वरूण को टीम में शामिल किया गया है।

हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम को मिडफील्डर हार्दिक सिंह की कमी खलेगी जो ओलंपिक में लगी चोट से उबर नहीं सके हैं ।

# वह दिन नदीम का था, पेरिस ओलंपिक भाला फेंक फाइनल पर बोले नीरज चोपड़ा

**लखनऊ।** पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने से चूकने वाले भारत के भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने कहा कि उनके प्रदर्शन में कोई कमी नहीं थी लेकिन वह दिन पाकिस्तान के अरशद नदीम का था जो उन्हें पछाड़कर चैम्पियन बने। चोपड़ा ने आठ अगस्त को हुए फाइनल में 89 . 45 मीटर भाला फेंककर रजत पदक जीता लेकिन नदीम ने नया ओलंपिक रिकॉर्ड बनाते हुए पहले ही प्रयास में 92 . 97 मीटर का थ्रो फेंककर स्वर्ण पदक जीता। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले चोपड़ा लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाले पहले भारतीय ट्रैक और फील्ड खिलाड़ी बने। चोपड़ा ने यहां पीटीआई को दिये इंटरव्यू में कहा ,'' कुछ भी गलत नहीं था, सब कुछ सही था।



थ्रो भी अच्छा था। ओलंपिक में रजत प्राप्त करना भी कोई छोटी चीज़ नहीं है, लेकिन, मुझे लगता है कि प्रतियोगिता बहुत अच्छी थी और स्वर्ण पदक उसी ने जीता है जिसका वह दिन था। वह नदीम का दिन था। यहां फीनिक्स पलासियो मॉल में अंडर आर्मर के नए प्रारूप वाले ब्रांड हाउस स्टोर का उद्घाटन करने आये चोपड़ा ने इस धारणा को खारिज किया कि हॉकी और क्रिकेट के बाद भाला फेंक भारत-पाकिस्तान प्रतिद्वंद्विता का गवाह बनने वाला नया खेल बन गया है। उन्होंने कहा ,भाला फेंकने में कोई दो टीमें नहीं हैं, लेकिन विभिन्न देशों के 12 एथलीट हैं जो एक दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। मैं 2016 से भाला फेंक में नदीम के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा हूं और यह पहली बार है कि नदीम ने जीत हासिल की है। नदीम के बारे में पूछने पर चोपड़ा ने कहा, वह (नदीम) एक अच्छा इंसान है, अच्छे तरीके से बोलता है, सम्मान करता है, इसलिए मुझे अच्छा लगता है।

भालाफेंक में अपनी शुरूआत के बारे में उन्होंने कहा, वह एक अप्रत्याशित पल था, जब मैंने इसकी शुरुआत की। मुझे इसके बारे में कुछ भी नहीं पता था। जब मैं मैदान पर गया, उस समय, यह निर्णय लिया। यह पूछे जाने पर कि भाला फेंकने वाले को सबसे ज्यादा किस चीज की आवश्यकता होती है , चोपड़ा ने कहा कि ताकत, सहनशक्ति, मानसिक सहनशक्ति। 2011 में पहली बार भाला उठाने वाले चोपड़ा कहा , यह इन सभी चीजों का संयोजन है, और कोई एक चीज काम नहीं करेगी, बल्कि इन सभी चीज़ों को मिलाकर, जिसके पास सबसे अच्छी तकनीक होगी वह अच्छा प्रदर्शन करेगा।

पहले भी लखनऊ आ चुके चोपड़ा ने कहा, मैं इससे पहले 2012 में खेलने के लिए लखनऊ आया था और तोक्यो ओलंपिक के बाद जब मुख्यमंत्री ने मुझसे आने के लिए कहा था। यह मेरा (लखनऊ का) तीसरा दौरा है। 26 वर्षीय इस खिलाडी ने कहा पहले के लखनऊ और अब के लखनऊ में बहुत अंतर है। उस वक्त मैं काफी छोटा था और चीजें ज्यादा याद नहीं रहतीं, उस वक्त मैं ट्रेन से आया था और अब अच्छा एयरपोर्ट बन गया है, अच्छा मॉल बना है और यह पहली बार है कि मैं यात्रा करके शहर को इतना करीब से देख पा रहा हूं। मुझे बहुत अच्छा लगा।

# न्यूजीलैंड ने भारत को 8 विकेट से हराया, पहली पारी में 46 रन बनाना टीम इंडिया को पड़ा भारी

**बंगलूरू।** भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु टेस्ट में 8 विकेट से हार झेलनी पड़ी है। टीम 36 साल के बाद कीवियों के खिलाफ अपने घर में हारी है। पिछली हार 1988 में वानखेड़े स्टेडियम में मिली थी। भारतीय टीम ने कीवियों को जीत के लिए 107 रन का टारगेट दिया था, जिसे मेहमान टीम ने रविवार को 2 विकेट खोकर हासिल किया। विल यंग 45 और रचिन रवींद्र 39 रन बनाकर नाबाद लौटे। टीम इंडिया दूसरी पारी में 462 रन पर ऑलआउट हो गई। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 402 और इंडिया ने 46 रन बनाए थे। इस हार के बाद टीम इंडिया 3 मैचों की सीरीज में 0-1 से पिछड़ गई है। सीरीज का दूसरा मुकाबला पुणे में 24 से 28 अक्टूबर के बीच खेला जाएगा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया, जो गलत साबित हुआ। बुधवार 16 अक्टूबर को बेंगलुरु में दिन भर बारिश होती रही। मैच टॉस भी नहीं हो सका।




अगले दिन गुरुवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच में भारी उछाल और स्विंग देखने को मिला। कीवियों ने इसका पूरा फायदा उठाया। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि भारत की पहली पारी के सभी 10 विकेट तेज गेंदबाजों ने हासिल किए। भारतीय टीम पहली पारी में 46 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम के 5 बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। यहां से टीम इंडिया बेंगलुरु टेस्ट में बहुत पीछे हो गई थी। आमतौर पर पहली पारी में 50 से कम पर ऑलआउट होने के बाद टीमों पर फॉलोऑन का खतरा होता है। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 402 रन बनाते हुए 356 रनों की बड़ी बढ़त हासिल की। एक समय टीम ने 233 रन पर 7 विकेट गंवा दिए थे। ऐसा लग रहा था कि टीम 300 के स्कोर तक पहुंचेगी, लेकिन रचिन रवींद्र और टिम साउदी ने 8वें विकेट के लिए 137 रन की पार्टनरशिप करके स्कोर 370 रन तक पहुंचा दिया। इस साझेदारी ने बड़ा अंतर पैदा कर दिया।

356 रन से पिछड़ने के बाद टीम इंडिया ने अच्छी शुरुआत की। टीम के टॉप-5 बैटर्स ने स्कोर 400 तक पहुंच दिया था। जब न्यूजीलैंड की टीम ने नई बॉल मंगाई तब टीम इंडिया का स्कोर 400/3 रहा। टीम इंडिया ने दिन के खेल में कोई विकेट नहीं गंवाया था और 169 रन बना डाले थे। सरफराज 146 और पंत 87 रन पर खेल रहे थे। दोनों के बीच 169 रन की साझेदारी भी हो चुकी थी।

लेकिन, 81वें ओवर में नई गेंद के आने के बाद तेज गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड की जोरदार वापसी कराई। यहां से भारतीय टीम ने 62 रन बनाने में आखिरी 7 विकेट गंवा दिए। सरफराज के 150 और पंत के 99 रन रन के निजी स्कोर पर आउट होने के बाद भारत का मिडिल ऑर्डर बिखर गया। केएल राहुल 12, ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा 5, आर अश्विन 15 रन बनाकर आउट हुए। मैट हेनरी और विलियम ओरुर्के ने 3-3 विकेट झटके।

# ग्रीस में आयोजित फिडे वर्ल्ड एमेच्योर चेस चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे नितिन

**चंडीगढ़।** जीरकपुर के नीतिन राठौड़ 26 अक्तूबर से 5 नवंबर तक ग्रीस स्थित रोड्स में आयेजित होने वाले फिडे वर्ल्ड एम्योच्योर चेस चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगें। यह चैम्प्यिनशिप वैश्विक स्तर पर चेस गवर्निंग बाडी - वर्ल्ड चेस फेडरेशन फिडे द्वारा आयोजित की जा रही है, जिसमें भाग लेने की स्वीकृति आल इंडिया चैस फेडरेशन द्वारा दी गई। नितिन का चयन इसी वर्ष 13 से 17 फरवरी तक आल इंडिया चेस फेडरेशन के अधीन राजस्थान चैस एसोसिएशन द्वारा जयपुर में आयोजित की गई नेशनल चेस चैम्पियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुई है। गत वर्ष मस्कट (ओमान) में आयोजित की फिडे वर्ल्ड एमेच्योर चेस चैम्पियनशिप में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया था।



वर्तमान में फिडे नियुक्त आर्बिटर और चैस डिवलपमेंट इंस्ट्रक्टर है जो कि चैस मंत्रा ऐकेडमी के अंर्तगत कई नेशनल और इंटरनेशनल स्तर के प्लेयर्स को कोचिंग दे चुके हैं। नितिन के परिवार के सदस्य पिता बैनजाथ, माता अनीता राठौड़ं, बहन श्वेता राठौड और बेटा नित्यांक्ष भी कई नेशनल और इंटरनेशनल स्तर में अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं।

# विमंस सीनियर्स टी -20 टूर्नामेंट : चंडीगढ़ को हिमाचल प्रदेश से मिली हार

**चंडीगढ़।** लखनउ में खेली जा रही विमंस सीनियर्स टी 20 टूर्नामेंट के दूसरे मैच में चंडीगढ़ को हिमाचल प्रदेश से छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। चंडीगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये निरधारित बीस ओवर्स में 84/8 रन बनाये। अराधना बिष्ट (37) टाप स्कोरर रही जबकि नीकिता चैहान ने तीन विकेट लिये। जवाब में हिमाचल प्रदेश ने हरलीन देयोल (35) और सुषमा वर्मा (23) के सहयोग को दिये लक्ष्य को चार विकेट खोकर 19वें ओवर में अर्जित कर लिया। काशवी गौतम ने दो विकेट लिए।

### कर्नल सीके नायडू ट्राफी मैच

त्रिपुर में खेले जा रहे कर्नल सीके नायडू ट्राफी के लीग मैच में चंडीगढ़ 131 रनों पर ढेर हो गया। टीम के टाप स्कोरर देवांग कौशिक (61) रहे जबकि भी अन्य खिलाड़ी 16 से आगे नहीं बढ़ पाया। विपक्ष की ओर से लक्ष्य जैन ने पांच जबकि पी विगनेश ने तीन विकेट लिये। दिन का खेल खत्म होने तक तमिलनाडु ने 121/2 रन बना लिये थे।

### चौथी नेशनल दिव्यांग क्रिकेट चैंपियनशिप

# मेजबान राजस्थान की लगातार तीसरी जीत, शीर्ष पर आने की उम्मीद बरकरार

**उदयपुर।** नारायण सेवा संस्थान एवं डीसीसीआई के साझे में लेकसिटी में चल रही चौथी राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट टी -20 चैंपियनशिप अपने चरम पर हैं । छठवां दिन दिव्यांग खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए खुशी और मनोरंजन से भरपूर रहा।



नारायण सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने रविवार को खेले गए आठ मुकाबलों व नतीजों की जानकारी देते हुए बताया कि पहले सत्र में राजस्थान बनाम दिल्ली के मैच में दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 148 रन बनाएं । लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान ने सुरेंद्र कुमार खोरवाल के बहुमूल्य 64 रन की मदद से 5 विकेट पर 149 रन बनाते हुए लगातार तीसरी जीत अपने नाम की। उधर नारायण स्पोर्ट्स एकेडमी में जम्मू ने कर्नाटक को 29 रन से हराया । वहीं बीएन ग्राउंड पर गुजरात ने हरियाणा को 31 रन से हराया। इधर चंडीगढ़ बनाम बिहार मैच में चंडीगढ़ ने बिहार को 42 रन से शिकस्त दी। मैन ऑफ द मैच जम्मू के माजिद, गुजरात के नरेश चिल्लूर,चंडीगढ़ के राजिंदर सिंह और राजस्थान के सुरेंद्र कुमार खोरवाल को चुना गया।

## अर्थ ज्योति

# रिकॉर्ड कीमतों के बाद भी धनतेरस पर सोना खरीदना फायदे का सौदा

**नई दिल्ली।** त्योहारी सीजन में मजबूत मांग के कारण सोने की कीमतों में लगातार तेजी देखी जा रही है। पश्चिम एशिया में तनाव के बीच सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में भी बहुमूल्य धातु को समर्थन मिल रहा है। घरेलू बाजार में इसकी कीमत रिकॉर्ड 80,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गई है। हालिया तेजी के बावजूद धनतेरस पर सोना खरीदना रिटर्न के लिहाज से मुनाफे का सौदा साबित हो सकता है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि दुनियाभर में चुनौतियों और अमेरिकी बॉन्ड पर रिटर्न में गिरावट से सोने की कीमतों को समर्थन मिल रहा है। कोटक सिक्योरिटीज की उपाध्यक्ष (कमोडिटी रिसर्च) कायनात चैनवाला का कहना है कि त्योहारों में खरीदारी बढ़ने से घरेलू सोने की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। प्रमुख केंद्रीय बैंकों की ओर से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद से सोने में तेजी बनी है। पश्चिम एशिया में तनाव के बीच केंद्रीय बैंकों ने सोने की खरीदारी बढ़ा दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव पर स्थिति स्पष्ट नहीं है।



डोनाल्ड ट्रंप व कमला हैरिस में बराबर की टक्कर देखने को मिल रही है। सोने की खरीदारी को लेकर धारणा बेहतर बनी हुई है। पिछले एक साल में सोने ने अपने निवेशकों को 30 फीसदी से अधिक रिटर्न दिया है। त्योहारी मांग व मौजूदा स्थिति को देखते हुए आगामी महीनों में इसमें 10 फीसदी तक बढ़त संभव है। हालिया महीनों में एमसीएक्स गोल्ड में 25 फीसदी व अंतरराष्ट्रीय बाजार में 40 फीसदी की तेजी रही।

# त्योहारी सीजन में खरीदारी कर रही महिलाएं

**नई दिल्ली।** त्योहारी सीजन में हर चीज पर सेल चल रही है। इन्हें खरीदकर लोग खुद को त्योहारों का हिस्सा मानने लगते हैं। हम सभी खरीदारी के प्रति इतने जुनूनी हो गए हैं कि इसे समय बिताने या दोस्तों में अपनी साख बनाने का साधन मानने लगे हैं। ये गैर-जरूरी खर्चे आने वाले समय में वित्तीय संकट की वजह बनते हैं। मैंने कई लोगों को दशहरा और दिवाली की खरीदारी के लिए सीजन सेल का इंतजार करते देखा है। आजकल युवा जश्न मनाने के मूड में इतने डूबे हैं कि वे अपने सामने आने वाली हर चीज की खुशी मनाते हैं। जैसे वैलेंटाइन डे, होली, तीज, रक्षाबंधन, जन्मदिन, ट्री डे आदि। लोगों में खरीदारी का यह जुनून बिक्री के लिहाज से बाजार के लिए बढ़िया प्रोत्साहन है।



### वेतन वृद्धि की उम्मीद में न बढ़ाएं खर्च

स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान मैंने देव को थोड़ा विचलित पाया। पूछने पर उन्होंने बताया कि कंपनी ने उनका प्रमोशन नहीं किया। इसका मतलब है कि उन्हें वह वेतन वृद्धि नहीं मिलेगी, जिसकी उन्हें उम्मीद थी। मैंने मान लिया था कि यह देव के लिए इतना बड़ा मामला नहीं है। लेकिन, मैं गलत था। कुछ दिन पहले हम संयोग से दशहरा में पूजा के पहले दिन मिले। मैंने उनसे पूछा कि क्या वह मुझसे अपने फाइनेंसेस पर बात करने के लिए आ सकते हैं और अगले एक घंटे में जो कुछ हुआ, वह बहुत परेशान करने वाला था।

### वित्तीय जिम्मेदारियों का रखें ध्यान

देव अपने माता-पिता के उनके घर में रह रहे हैं। किसी अजीब कारण से वह अपनी आय का अधिकांश हिस्सा सिर्फ अपनी जीवनशैली को बनाए रखने में खर्च कर रहा है और घर के नियमित खर्चों पर बहुत कम। उनके पिता सेवानिवृत्त हो गए हैं। वह देव से घर की कुछ जिम्मेदारियां उठाने की उम्मीद कर रहे हैं। वह चाहते हैं कि देव घर के मेंटेनेंस, बिजली और नियमित किराना खर्चों का भुगतान करे।

# भारतीय छात्राओं की विदेश में पढ़ाई के लिए सबसे सुरक्षित देश कौन से हैं?





**विदेश में पढ़ने जाने के दौरान खुद की सुरक्षा बेहद जरूरी होता है। इस वजह से ऐसे देशों में एडमिशन लेने से बचना चाहिए, जहां छात्रों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ा हो सकता है। हाल के सालों में कई देशों में युद्ध के बीच भारतीय छात्र फंस भी गए थे।**




विदेश पढ़ने जाने वाले भारतीय स्टूडेंट्स में महिला छात्रों की हिस्सेदारी 34 फीसदी है। ये दिखाता है कि धीरे-धीरे महिला छात्र भी विदेश का रुख कर रही हैं। हालांकि, विदेश में पढ़ाई के दौरान छात्राओं के लिए सबसे बड़ी चिंता उनकी सुरक्षा होती है। पैरेंट्स भी चाहते हैं कि उनकी बेटियां ऐसे मुल्कों में पढ़ाई करें, जहां उनकी सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं हो। विदेश पढ़ने भेजने से पहले पैरेंट्स उन देशों के बारे में जानना चाहते हैं, जो काफी ज्यादा सुरक्षित हैं। इस काम में ग्लोबल पीस इंडेक्स पैरेंट्स की मदद करता है। दुनिया के सबसे शांतिप्रिय देशों के बारे में पता चलता है। ये इंडेक्स हमें बताता है कि क्या किसी देश में हिंसा बहुत ज्यादा होती है। महिला सुरक्षा को लेकर किस तरह के काम किया जाता है। GPI हमें बताता है कि बाहर से पढ़ने आए छात्रों के लिए कोई देश कितना सुरक्षित है। आइए GPI के आधार पर छह ऐसे देशों के बारे में जानते हैं, जहां छात्राएं पढ़ने के लिए जा सकती हैं और उन्हें सुरक्षा से समझौता भी नहीं करना पड़ेगा।

### आइसलैंड

ग्लोबल पीस इंडेक्स में यूरोप के इस छोटे से देश को पहला स्थान मिला है। ये विदेश में पढ़ने के बारे में सोच रही छात्राओं के लिए सबसे सुरक्षित देश है। आइसलैंड अपने लैंगिक समानता कानून के लिए जाना जाता है, जिसे वर्ष 2000 में पारित किया गया था और वर्ष 2008 में इसे फिर से नया रूप दिया गया।

### आयरलैंड

GPI में आयरलैंड की रैंकिंग दूसरी है। आयरलैंड टूरिज्म के लिए जाना जाता है। यहां कई सारी बेहतरीन यूनिवर्सिटीज भी हैं। हर साल हजारों छात्राओं को आयरिश यूनिवर्सिटीज में एडमिशन दिया जाता है। ग्लोबल पीस इंडेक्स में दूसरी रैंकिंग बताती है कि ये महिलाओं के लिए कितना सुरक्षित देश है।

### ऑस्ट्रिया

2024 की जीपीआई रैंकिंग में टॉप 5 रैंकिंग वाले देशों में से एक ऑस्ट्रिया अपनी प्राकृतिक सुंदरता और टूरिज्म के लिए जाना जाता है। इसके साथ ही, वियना यूनिवर्सिटी जैसे टॉप रैंकिंग यूनिवर्सिटीज भी हैं, जहां हजारों महिला छात्रों को पढ़ाई के लिए एडमिशन दिया जाता है।

### न्यूजीलैंड

GPI रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज न्यूजीलैंड महिलाओं के लिए दुनिया के सबसे अच्छे देशों में से एक है। न्यूजीलैंड बिल ऑफ राइट्स एक्ट 1990 में कहा गया है कि लिंग के आधार पर किसी भी व्यक्ति के साथ भेदभाव नहीं होगा। यहां की यूनिवर्सिटीज में सालाना औसतन 2.10 लाख से ज्यादा छात्राएं एडमिशन लेती हैं।

### सिंगापुर

सिंगापुर जैसे देश में काफी कड़े नियम-कानून हैं, जो इसे छात्राओं की पढ़ाई के लिए एक सुरक्षित देश बनाते हैं। ग्लोबल पीस इंडेक्स में सिंगापुर 5वें स्थान पर है। ये बताता है कि सिंगापुर की यूनिवर्सिटीज में एडमिशन लेना छात्राओं के लिए फायदे का सौदा है।

### स्विट्जरलैंड

स्विट्जरलैंड कम अपराध दर, कड़े नियमों और अच्छे सुरक्षा उपायों के लिए जाना जाता है। यही वजह है कि स्विट्जरलैंड 2023 में 10वें स्थान से 2024 की ग्लोबल पीस इंडेक्स में 6वें स्थान पर आ गया है। यहां की यूनिवर्सिटीज में हजारों छात्राएं पढ़ाई कर रही हैं।

## भारत सरकार की कोल कंपनी में बिना परीक्षा मिल रही सरकारी नौकरी



**बढ़िया** जॉब तलाश कर रहे हैं, तो आपके लिए अच्छी खबर है। भारत सरकार की कोल कंपनी में ग्रेजुएट और टेक्नीशियन की वैकेंसी निकली है। जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन भी चालू हैं। इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट www.westerncoal.in पर फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

### बिना परीक्षा होगी सीधी भर्ती

अच्छी कंपनी में सरकारी नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो आपके लिए भारत सरकार की कोल माइनिंग कंपनी वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में ग्रेजुएट अप्रेंटिस और टेक्निशियन अप्रेंटिस की भर्ती निकली है। इस भर्ती के लिए कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट www.westerncoal.in पर 15 अक्टूबर से ऑनलाइन आवेदन चल रहे हैं। वहीं एप्लिकेशन फॉर्म सब्मिट करने की आखिरी तारीख 28 अक्टूबर निर्धारित की गई है। लास्ट डेट के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### वैकेंसी डिटेल्स

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के अधीन कार्यरत है। जिसमें नौकरी पाने का यह अच्छा मौका है। किस पद के लिए कितनी वैकेंसी हैं? इसकी डिटेल्स अभ्यर्थी नीचे टेबल से देख सकते हैं।

| पद का नाम | वैकेंसी |
|---|---|
| ग्रेजुएट अप्रेंटिस | 101 |
| टेक्नीशियन अप्रेंटिस | 215 |
| कुल पदों की संख्या | 316 |

### योग्यता

ग्रेजुएट अप्रेंटिस के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से माइनिंग इंजीनियरिंग में बीई/बीटेक/MIE पास होना चाहिए। वहीं टेक्नीशियन अप्रेंटिस के लिए माइनिंग इंजीनियर/माइनिंग एंड माइन सर्वेइंग/माइनिंग सर्वेइंग में डिप्लोमा होना जरूरी है। योग्यता संबंधित डिटेल्स अभ्यर्थी विस्तार से भर्ती के आधिकारिक नोटिफिकेशन से चेक कर सकते हैं। डाउनलोड करें

## इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन में डेंटिस्ट सहित अन्य पदों पर निकली भर्ती

**24 और 25 अक्टूबर को होगा इंटरव्यू का आयोजन**



**इंडियन** ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड में पैथोलॉजिस्ट सहित अन्य पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट iocl.com पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती के लिए इंटरव्यू का आयोजन 24 और 25 अक्टूबर को किया जाएगा।

### वैकेंसी डिटेल्स :

पैथोलॉजिस्ट : 1 पद, त्वचा विशेषज्ञ : 1 पद, दंत चिकित्सक: 2 पद, ईएनटी विशेषज्ञ : 1 पद, मनोचिकित्सक : 1 पद, होम्योपैथी डॉक्टर : 1 पद, सर्जन: 1 पद, कार्डियोलॉजिस्ट : 1 पद, कुल पदों की संख्या : 9,

### एजुकेशनल क्वालिफिकेशन

संबंधित क्षेत्र में मेडिकल की डिग्री।
पीजी के बाद कम से कम 2 साल का वर्क एक्सपीरियंस।

### आयु सीमा

सरकारी नियमों अनुसार।

### सैलरी

सरकारी नियमों के अनुसार।

### सिलेक्शन प्रोसेस

वॉक-इन इंटरव्यू के बेसिस पर।

### ऐसे करें आवेदन

IOCL की ऑफिशियल वेबसाइट iocl.com पर जाएं।
होम पेज पर उपलब्ध करियर लिंक पर क्लिक करें।
एक नया पेज खुलेगा जहां रजिस्ट्रेशन लिंक उपलब्ध होगी।
लिंक पर क्लिक करके रजिस्ट्रेशन करें।
अपने अकाउंट में लॉग इन करके फॉर्म भरें।
फॉर्म सब्मिट करें। आगे की जरूरत के लिए इसकी एक हार्ड कॉपी निकाल कर रखें।

### इंटरव्यू का पता

डिप्टी जनरल मैनेजर (HS&E-Med) कार्यालय, गुवाहाटी रिफाइनरी अस्पताल
इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, पोनूनमती, जिला कामरूप मेट्रो, गुवाहाटी – 781020
ऑफिशियल नोटिफिकेशन लिंक
ऑनलाइन आवेदन लिंक

## एआई एयरपोर्ट सर्विसेज ने 1652 पदों पर निकाली भर्ती

### एज लिमिट 55 साल, सैलरी 60 हजार तक




**एआई** एयरपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड ने कस्टमर सर्विस एग्जीक्यूटिव और अन्य पदों के लिए आवेदन मांगे हैं।

उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट aiasl.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

### वैकेंसी डिटेल्स

मुंबई एयरपोर्ट – 1067 पद
अहमदाबाद एयरपोर्ट 156 पद
डाबोलिम एयरपोर्ट – 429 पद

### एजुकेशनल क्वालिफिकेशन

पद के अनुसार ग्रेजुएशन की डिग्री, वर्क एक्सपीरियंस, कंप्यूटर ऑपरेशन्स का नॉलेज जरूरी।

### एज लिमिट

पद के अनुसार 28 - 55 साल।

सिलेक्शन प्रोसेस
इंटरव्यू
ग्रुप डिस्कशन
ट्रेड टेस्ट

### सैलरी

पद के अनुसार 18, 840 - 60, 000 रुपए प्रतिमाह।

### ऐसे करें आवेदन

आवेदकों को निर्धारित स्थान, तारीख और समय पर उपस्थित होना होगा।

अपना फॉर्म भरकर एआई एयरपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के पक्ष में मुंबई में डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा।

## आदित्य बिड़ला ग्रुप ने निकाली इन पदों पर वैकेंसी, 40 लाख के आसपास होगी एनुअल सैलरी

**आदित्य** बिड़ला ग्रुप एक इंटरनेशनल ग्रुप है। इसका हेडक्वार्टर मुंबई में है। आदित्य बिड़ला ग्रुप की तरफ से जोनल हेड सेंट्रल की पोस्ट पर वैकेंसी निकाली गई है। इन पदों पर आवेदन करने वाले कैंडिडेट के पास 15-20 साल का एक्सपीरियंस होना चाहिए। नौकरी की तलाश कर रहे उम्मीदवारों के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। आदित्य बिड़ला ग्रुप में जोनल हेड सेंट्रल की पोस्ट पर वैकेंसी निकाली गई है। यह वैकेंसी केमिकल इंडस्ट्री के लिए निकाली गई है। शॉर्टलिस्ट किए जाने वाले कैंडिडेट को लाखों में सैलरी मिलेगी। इन पदों पर आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों के पास 15-20 साल का एक्सपीरियंस होना जरूरी है।

### रोल और रिस्पॉन्सिबिलिटी

सेल्स टीम के साथ रिलेशन को मजबूत रखना और सेल्स ग्रोथ को बढ़ाना। सेल्स को बढ़ाने के लिए डीलर नेटवर्क को बढ़ाना। सप्लाई चेन यूनिट के साथ कॉर्डिनेट करना। बड़े रिवेन्यू शेयर और मार्केट में टिके रहने पर फोकस रखना। रिवॉर्ड मैकेनिज्म को तैयार करने के साथ एम्प्लॉइज को मोटिवेट करना। कॉस्ट रिडक्शन से जुड़े मौके तलाशना। सेल्स और मार्केटिंग स्ट्रेटजी को फॉर्मेट में बनाकर उसे लागू करना।

### स्किल

आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास सेल्स मैनेजमेंट, मार्केटिंग और प्रोडक्स मार्केटिंग जैसी स्किल्स होनी चाहिए।

### क्वालिफिकेशन

एमबीए या मास्टर्स इन मार्केट मैनेजमेंट।

### एक्सपीरियंस

आदित्य बिरला ग्रुप की तरफ से निकाले गए इन पदों पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास 15-20 साल का एक्सपीरियंस होना चाहिए।

## नई तकनीक पैदा कर रही है रोजगार, नौकरियों के मिल रहे कई अवसर



**आर्टिफिशियल** इंटेलिजेंस, बायोटेक्नोलॉजी, संधारणीय ऊर्जा और डिजिटल फाइनें उभरते क्षेत्र न केवल नए अवसर पैदा कर रहे हैं, बल्कि उद्योग जगत को नया आकार भी दे रहे हैं। इसीलिए फ्रेशर्स और कॉलेज के छात्र लगातार ऐसे अवसरों की खोज में रहते हैं, जो भारत में उभरते कॅरिअर ट्रेंड के साथ मेल खाते हों। ऐसे में इन क्षेत्रों में कॅरिअर बनाकर आप नवाचार, वास्तविक समस्याओं को सुलझाने और नई तकनीक सीखने में बाकियों से चार कदम आगे रहेंगे। इसके अलावा उभरते हुए क्षेत्रों में नौकरी करना आपकी रचनात्मकता, जिज्ञासा, शोध और कौशल को दर्शाती है। ऐसे कुछ बेहतरीन क्षेत्र हैं, जिनके विशेषज्ञों की मांग दुनिया भर में है।

### वीआर और एआर

वर्चुअल रियलिटी (वीआर) और ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) दो सबसे आशाजनक तकनीकें हैं, जिनकी मांग दुनिया में सर्वाधिक है। गेमिंग और मनोरंजन क्षेत्रों से लेकर 3डी मॉडलिंग और सोशल नेटवर्किंग तक, एआर और वीआर हर जगह अपनी जगह बना रहे हैं। यूआई और यूएक्स डिजाइनर इंजीनियर, वीआर गेम इंजीनियर, वर्चुअल रियलिटी डिजाइनर आदि के रूप में आप अपना कॅरिअर बना सकते हैं।

### कंप्यूटर फोरेंसिक

कंप्यूटर फोरेंसिक विशेषज्ञ का कार्य डिजिटल साक्ष्य ढूंढना और तैयार करना है, जिसका उपयोग किसी भी अदालती कार्यवाही, परीक्षण और आपराधिक जांच में किया जा सकता है। कंप्यूटर फोरेंसिक के क्षेत्र में जाने के लिए कंप्यूटर विज्ञान, साइबर सुरक्षा, आपराधिक न्याय या अन्य क्षेत्रों में स्नातक की डिग्री होना जरूरी है। कंप्यूटर फोरेंसिक से संबंधित कई ग्लोबल इंफॉर्मेशन एश्योरेंस सर्टिफिकेशन (जीआईएसी) कोर्स हैं, जिसे आप निजी संगठनों और राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी जैसी सरकारी संस्थाओं से कर सकते हैं। इसके बाद विभिन्न शोध संस्थानों, सीबीआई, एनआईए आदि सरकारी विभागों में नौकरी के रास्ते खुल जाते हैं।

### एनएलपी इंजीनियर

एनएलपी इंजीनियर मशीनों को मानव भाषा की पहचान करने, व्याख्या करने और उत्पन्न करने में बनाते होते हैं। इस क्षेत्र में जाने के लिए आपके पास इंजीनियरिंग, डाटा साइंस या कंप्यूटर साइंस जैसे क्षेत्र में स्नातक की डिग्री होनी चाहिए। एनएलपी इंजीनियर बनकर आप अमेजन, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एप्पल, आईबीएम जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों में नौकरी कर सकते हैं।

### फिनटेक

फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी या फिनटेक शब्द का उपयोग आर्थिक क्षेत्र में विकसित की जा रही नई तकनीकों के लिए किया जाता है। इसमें पारंपरिक बैंकिंग सेवाओं में नई और तेज सेवाएं प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाता है। डिजिटल भुगतान, ब्लॉकचेन और वित्तीय विश्लेषण में नवाचार करते हैं।

## श्रीमाधोपुर में महिला हॉकी सलेक्शन ट्रायल का आयोजन



सांध्य ज्योति न्यूज

**श्रीमाधोपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय हॉकी महिला सलेक्शन ट्रायल का आयोजन एसबीएन कॉलेज श्रीमाधोपुर के सानिध्य में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर के खेल मैदान पर किया गया। महाविद्यालय निदेशक डॉ मुकेश बल्डवाल व सचिव इंजी प्रदीप धायल, ने बताया कि हॉकी महिला ट्रायल प्रतियोगिता के लिए 11 महाविद्यालयों की 47 छात्राओं ने भाग लिया। आयोजन खेल सचिव बनवारी लाल जीतरवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय से पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त राम सिंह जाट व विश्वविद्यालय चेयरमैन नॉमिनी के रूप में राजेंद्र पलसानिया का माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। रेफरी की भूमिका में तंवर सिंह शेखावत और आशीष झरवाल ने सेवाएं दी। आयोजन सचिव ने बताया कि शेखावाटी विश्वविद्यालय के लिए चयनित छात्र और छात्राएं अंतरविश्वविद्यालय पश्चिमी क्षेत्रीय हॉकी महिला व पुरुष प्रतियोगिता के लिए सुरेश ज्ञान विहार विश्वविद्यालय जयपुर में शेखावाटी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# पुष्प वर्षा के बीच कदम ताल मिलाते चले स्वयंसेवक





सांध्य ज्योति न्यूज

**खाटूश्यामजी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बैनर तले संघ स्थापना दिवस पर पथ संचलन का आयोजन किया गया जिसमें सैंकड़ों स्वयंसेवकों ने भाग लिया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में शस्त्र पूजन हुआ, जिसके पश्चात नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए संचलन प्रारंभ हुआ।

पथ संचलन मण्डा चौराहे, तोरण द्वार अस्पताल चौराहा, लामिया रोड़,, श्याम कुंड, श्याम मंदिर मुख्य बाजार, होटल श्याम होते हुए पुनः खेल मैदान में समाप्त हुआ।संचलन के दौरान नगरवासियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने पुष्प वर्षा कर संचलन का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाली।

इस दौरान प्रमोद शर्मा, ओमप्रकाश हरनाथका,महावीर प्रसाद शर्मा, कैलाश चन्द्र शर्मा, विनोद हलवाई,दीपक अग्रवाल, महेश पूर्बिया, कालूराम स्वामी, रामगोपाल रामूका,सोनू तुलछानी,बलवीर सिंह,केदार जांगिड़,अंशु शर्मा, जितेन्द्र सैन,हितांशु शर्मा, प्रदीप तिवाड़ी सहित सैंकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित रहे।इससे पूर्व बौद्धिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शंकर भारती ने कहा भारत वसुदेव कुटुंबकम के सिद्धांत को अपना आदर्श वाक्य मानता है।इसी के आधार पर हम समूचे विश्व को अपना परिवार मानते हैं। वैश्विक स्तर पर जो भी परिवर्तन होता है। वह कहीं ना कहीं प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भारत को भी प्रभावित करता है, यह सोच भारत को विश्व पटल पर एक विकसित राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करता है। भारत विविधताओं में भी एकता वाला देश है। जहां अनेक धर्म, संप्रदाय एवं जाति के होते हुए भी लोग एकता के सूत्र में बंधे हुये हैं। वैष्विक स्तर पर यही हमारे देश की प्रमुख विशेषता है। भारत की जो वर्तमान चुनौतियां हैं, उनको कैसे हल किया जा सकता है इस पर भी विचार करना चाहिये।

## सीकर में माध्यमिक शिक्षा उपनिदेशक ने विद्यालय का किया अवलोकन



सांध्य ज्योति न्यूज

**सीकर।** राज्य सरकार एवं निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी के निर्देशों की अनुपालना में उपनिदेशक माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर इंदिरा चौधरी ने 18 अक्टूबर तथा 19 अक्टूबर 2024 को सीकर जिले के विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान 18 अक्टूबर को जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाजौर तथा 19 अक्टूबर को 2024 को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोकुलपुरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शाला सम्बलन के द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर में सुधार तथा आधार सीडिंग के लिए विशेष निर्देश प्रदान किए। गोकुलपुरा के पीएम श्री विद्यालय में सीकर जिले के पीएम श्री विद्यालयों के विद्यार्थियों की विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल हो रहे विधार्थियों को सम्बोधित किया और व्यक्तित्व निर्माण के लिए इन विधाओं की उपादेयता बताई। 19 अक्टूबर को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सीकर में उपनिदेशक द्वारा जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लिए गई। बैठक में उपनिदेशक ने विभिन्न केंद्र प्रवर्तित छात्रवृत्ति योजनाओं में आधार सीडिंग से वंचित विद्यार्थियों के बैंक अकाउंट शत प्रतिशत आधार सीडेड करवाने के लिए निर्देश प्रदान किए 7 समीक्षा बैठक में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी शीशराम कुलहरी , एडीपीसी वि म सिंह शेखावत, डाइट उप प्रधानाचार्य राजेंद्र मील, सीडीईओ कार्यालय से सहायक निदेशक राकेश गढ़वाल, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी खंडेला बनवारी लाल नेहरा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नेछवा सुरेश महरिया, लक्ष्मणगढ़ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी किरण सैनी , दातारामगढ़ से हेमाराम , धोद से महेंद्र सिंह कृष्णियां, पलसाना से इंदु महला, पिपराली से रवि जोशी, फतेहपुर से रविंद्र कुमार उपस्थित हुए। नेछवा से महावीर सिंह, भीम सिंह मीणा, लक्ष्मणगढ़ से सुरेश भास्कर, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से बजरंग लाल डूडी, डॉक्टर सुनीता झूरिया, नीतू सेन, सुरभि चौधरी, मोहन लता, डॉक्टर शारदा चौधरी, चैतन्य राय शर्मा, दिनेश ओला सहित जिले के स्कूल शिक्षा के सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

## रींगस में 100वां निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित



सांध्य ज्योति न्यूज

**रींगस।** रोटरी क्लब द्वारा कस्बे की रामानंद पाठशाला में 100वां निःशुल्क चिकित्सा शिविर व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ रोटरी अध्यक्ष रघुनाथ सिंह जाट, सचिव डॉ विनोद कुमार गुप्ता, डॉ अजय सक्सेना, डॉ भंवर सिंह ताखर,अर्जुन सिंह लांबा,बाबूलाल बावड़ीका, महेश गोयल एड दीपक बाजिया,सुभाष बिजारनिया, पी एस राजपूत द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर संयोजक झाबर निठारवाल ने बताया कि रोटरी क्लब द्वारा इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर व निःशुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को किया जाता है।शिविर में डॉ अजय सक्सेना द्वारा होम्योपैथिक चिकित्सा, डॉ विनोद कुमार गुप्ता द्वारा शिशु एवं बाल रोग चिकित्सा, डॉ भंवर सिंह ताखर फिजियोथैरेपी चिकित्सा व वैद्य पी एस राजपूत द्वारा घरेलू नुस्खे से 55 मरीजों का इलाज किया गया। डॉ बी. लाल. क्लिनिकल लेबोरेट्री से राजेंद्र कुमार पावण्डा व अंकित महरिया द्वारा निःशुल्क 30 पेशेंट की ब्लड शुगर व ब्लड ग्रुप एवं ब्लड प्रेशर जांच की गयी। शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर की टीम द्वारा 75 नेत्र रोगियों की जांच कर 53 रोगियों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए चयनित किया गया। नेत्र लेंस प्रत्यारोपण के लिए चयनित मरीजों को जयपुर ले जाकर लैंस प्रत्यारोपण किया जाएगा व वापस रींगस छोड़ा जाएगा।क्लब द्वारा आयोजित शिविरों में अब तक 2411 लैंस प्रत्यारोपण कर लोगों को आंखों की रोशनी प्रदान की गई है।शिविर में शंकरा आई हॉस्पिटल से डॉ सोनल, नर्सिंग स्टाफ जयराम पोसवाल, शिविर प्रभारी दीनदयाल पंवार ने अपनी सेवाएं दी। सुमित काबरा ने होम्योपैथिक चिकित्सा दवा वितरण में सहयोग प्रदान किया।सीसीए शिक्षण संस्थान के स्काउट आयुष जांगिड़, तनुज कुमार, अनुज सैन, अनिल देवंदा, हिमांशु कुमावत, नितेश बगड़िया ने सहयोग प्रदान कर शिविर को सफल बनाया।

## यूडीएच मंत्री को सौंपा ज्ञापन



सांध्य ज्योति न्यूज

**खाटूश्यामजी।** पुजारी सेवक महासंघ के ऐतिहासिक महाधिवेशन (बाबा श्याम की नगरी खाटूश्यामजी में लिए गए निर्णयों/प्रस्तावों के अनुसार ग्यारह सूत्रीय मांगपत्र का ज्ञापन तैयार कर संरक्षक महंत मोहन दास महाराज मुख्य पुजारी के नेतृत्व में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा, जोराराम जी कुमावत मंत्री देवस्थान विभाग, हेमन्त मीणा राजस्व मंत्री को ज्ञापन देकर सभी मुद्दों पर व्यापक परिचर्चा उपरांत निस्तारण हेतु आश्वत किया।इस दौरान पुजारी सेवक महासंघ प्रतिनिधि मंडल में अशोक मिश्रा, गिरिराज माटोलिया, मनोज शर्मा, राधेश्याम त्रिवेदी,रतन लाल शर्मा , राजेश इंदौरया, बाबूलाल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## जंगलात में लगी आग, दो दमकलों ने आग पर पाया काबू



सांध्य ज्योति न्यूज

**खाटूश्यामजी।** स्थानीय थाना अंतर्गत सांवलपुरा रोड किसान गौशाला के पीछे जंगलात में अचानक आग लग गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नहीं होने पर श्री श्याम मंदिर कमेटी व नगर पालिका के दमकल को सूचना दी गई मौके पर पहुंची दोनों दमकलों के श्री श्याम मंदिर कमेटी के फायर ऑपरेटर हरि सिंह, मनीष शेखावत व दिनेश कुमार सैनी ने बड़ी मशक्क त के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से जंगलात की वनस्पति जल कर नष्ट हो गई और समय रहते आग पर काबू पा लिया गया अन्यथा पास स्थित अन्य किसानों के कड़बी पूळो में आग फैलने से काफी नुकसान हो सकता था।

**सांध्य ज्योति दर्पण के संस्करण कार्यालय**

**अलवर कार्यालय**
केडलगंज, अलवर,
संपादक सीपी सैनी
फोन : 2335105,

**नागौर कार्यालय**
राजकीय अस्पताल के सामने,
नागौर
सम्पादक : रमेश जैन,
फोन : 240071,
फैक्स- 01582-240071

**भरतपुर कार्यालय**
कोतवाली रोड, भरतपुर
संपादक : जगदीश अग्रवाल,
फोन : 223780

**सूचना**

जयपुर के आसपास के क्षेत्र में समाचार पत्र प्राप्त करने के लिए एजेंट/ एजेंसी संपर्क करें।
**पदमाकर शर्मा**
**मो.** 9462779250, 8875007955

आपके क्षेत्र की समस्या या कोई घटना जिससे जनता प्रभावित हो रही हो ऐसे समाचार आप छपवाना चाहते हैं तो निम्न पते पर भिजवायें या फैक्स, ईमेल करें।
**सम्पादकीय शाखा**
दैनिक सांध्य ज्योति दर्पण
डी.एल.टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम,
संस्थानिक क्षेत्र,
जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर
फोन: 2709102/03,
फैक्स: 2709275
**ईमेल:** sjdjp01@yahoo.co.in
Jyoti.sandhya@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

*आप अपने क्षेत्र के समाचार / विज्ञापन के लिए हमारे क्षेत्रीय प्रतिनिधि से सम्पर्क करें :*

**जयपुर**
**अमित पारीक**
10/75, चित्रकूट,
वैशाली नगर, जयपुर
मो.- 9829055693
**उदयपुर**
**कलाधर शर्मा**
मो. : 9983826983
**दौसा**
**द्वारका प्रसाद विजय**
मो.: 9414819681
**कोटा**
**योगेन्द्र योगी**
मो. : 9887292174
**चौमूं**
**मनीष यादव**
मो. : 9667902742,
7014880612
**रींगस/ खाटूश्यामजी**
**विद्याधर शर्मा**
मो. : 9413072455
**कोटपुतली**
**मयंक शर्मा**
मो. : 9352106400
**लक्ष्मणगढ़**
**पूनम विशाल**
मो. : 9351274354
**मण्डावर (दौसा)**
**राहुल जोशी**
मो. : 8561935868
**चाकसू**
**रूपनारायण सांवरिया**
मो. : 6376888905
**धौलपुर**
**वेदप्रकाश त्यागी**
मो. : 9351845611

## 'ब्रेस्ट कैंसर की समय रहते पता लगाने की सख्त जरूरत'

सांध्य ज्योति न्यूज

**उदयपुर।** भारत में महिलाओं के लिए ब्रेस्ट कैंसर तेजी से एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या के रूप में उभर रहा है। चिंताजनक आंकड़ों के अनुसार, ब्रेस्ट कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और समय रहते इसका पता लगाने की सख्त जरूरत है। डायग्नोस्टिक्स फर्म हेल्थियंस की एक हालिया रिपोर्ट बताती है कि कंपनी द्वारा जांच की गई 55 से 64 वर्ष की आयु की 16 प्रतिशत महिलाएं वर्तमान में ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं। चिंताजनक बात यह है कि राजस्थान इस बीमारी का हॉटस्पॉट बन गया है, क्योंकि यहां इस आयु वर्ग की 30 प्रतिशत महिलाओं में इसका डायग्नोसिस किया गया है। स्तन कैंसर जागरूकता माह के शुरू होने के साथ ये आंकड़े देश भर में अनगिनत महिलाओं द्वारा सामना किए जाने वाले छिपे हुए संघर्षों को दर्शाते हैं। तीन साल के डेटा पर आधारित हेल्थियंस रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में चिंताजनक ट्रेंड दिखा है। इन राज्यों में 55 से 64 वर्ष आयु वर्ग की 22 प्रतिशत महिलाएँ इस कैंसर से प्रभावित हैं। अनुमान है कि 2024 में दुनिया भर में 360,000 से ज्यादा लोगों में ब्रेस्ट कैंसर का डायग्नोसिस किया जाएगा, इसलिए जागरूकता और समय पर हस्तक्षेप की जरूरत को कम करके नहीं आंका जा सकता। जिससे सफल इलाज और बचने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं।

## रींगस में ब्राह्मण महासभा की कार्यकारिणी बैठक



सांध्य ज्योति न्यूज

**रींगस।** कस्बे की ब्राह्मण धर्मशाला में ब्राह्मण महासभा की कार्यकारिणी की बैठक महासभा के अध्यक्ष महेश बुटोलिया की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। महासभा के सचिव राकेश भादूपोता ने बैठक का एजेंडा वर्तमान कार्यकारिणी का समय बढ़ाने, प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने व दीपावली स्नेह मिलन समारोह को लेकर रखा गया जिसमें महासभा के संरक्षक प्रदीप शर्मा व सागर मल शर्मा के साथ विचार विमर्श किया गया और कार्यकारिणी का समय बढ़ाते हुए दीपावली सम्मेलन समारोह 3 नवंबर को आयोजित करने व 29 दिसंबर रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। ब्राह्मण नवयुवक मंडल द्वारा 2 वर्ष का आय-व्यय का लेखा-जोखा भी महासभा के सामने प्रस्तुत किया गया।महासभा के मीडिया प्रभारी विद्याधर शर्मा ने बताया कि महासभा के पदाधिकारियों सहित कार्यकारिणी के सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए और सर्वसम्मति से बैठक के एजेंडे पर अपनी राय दी।इसका अवसर पर महासभा के पूर्व अध्यक्ष अखिलेश भातरा ,गोविंद डाकवाला, राम गोपाल बींवाल,पालिका उपाध्यक्ष अमित शर्मा, जुगल किशोर मण्डोला, कैलाश वशिष्ठ, बाबूलाल मोखाका, विष्णु गंगावत,नवयुवक मंडल के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा,नितिन त्रिपाठी, राजेश कोरखन्या, संजय शर्मा,पुनीत शर्मा,विजय कुमार भातरा, मंगल चंद डाकवाला, महावीर प्रसाद जोशी, दौलत कुमार खेरितका, संजय बींवाल, मुकेश कौशिक,श्रवन कुमार बागड़ा सहित महासभा व नवयुवक मंडल के पदाधिकारीकरण एवं सदस्य गण उपस्थित रहे।

## रैगर समाज विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन



सांध्य ज्योति न्यूज

**बस्सी।** श्री रैगर समाज विकास एवं सेवा समिति बस्सी के तत्वावधान में चतुर्थ विवाह सम्मेलन का आयोजन 23 फरवरी 2025 को गीला की नांगल, बस्सी के सफल आयोजन के लिए रविवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर भवन गीला की नांगल में एक आम सभा की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य कार्यालय विवाह समिति बस्सी के पदाधिकारियों ने विवाह स्थल का जायजा लिया। बैठक में विभिन्न भामाशाहों ने रैगर समाज के चतुर्थ विवाह सम्मेलन में सहयोग के लिए कई प्रकार के उपहार सामग्री एवं नकद राशि देने की घोषणा की गई। इस अवसर पर समिति के संरक्षक घासीलाल खोलिया, अध्यक्ष ओमप्रकाश अटल, महासचिव रमेश चंद लबानिया, सरपंच रामावतार शेरसिया, पूर्व अध्यक्ष गिरधारी लाल शेरसिया, रामलाल खोलिया सहित पदाधिकारियों ने चतुर्थ विवाह सम्मेलन का एक पोस्टर जारी किया। जिसमें सामूहिक विवाह से संबंधित नियम एवं शर्तों का विवरण दिया गया है। इस अवसर पर श्री रेगर विकास सेवा समिति के बनने वाले नए सदस्यों का स्वागत किया गया।

## पुरानी प्रतिमाओं का स-सम्मान विसर्जन मानव सेवा संस्थान की सराहनीय पहल : डॉ हेमंत शर्मा



सांध्य ज्योति न्यूज

**गंगापुर सिटी।** मानव सेवा संस्थान के तत्वावधान में देवी देवताओं की पुरानी खंडित,मूर्ति, प्रतिमा, फोटो व तस्वीर का स-सम्मान विसर्जन के कार्यक्रम की शुरुआत की गई।मानव सेवा संस्थान के सचिव विनोद आपणो मार्ट ने बताया की बाईपास पर मानसिंह गुर्जर पूर्व विधायक, शिवरतन अग्रवाल सभापति नगरपरिषद, हेमंत शर्मा निदेशक कूहू इंटरनेशनल स्कूल ने कार्यक्रम के पोस्टर बैनर का विमोचन किया। पोस्टर का विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने कहा की मानव सेवा संस्थान की यह पहल सनातन धर्म की अनूठी पहल है। देवी देवताओं की पुरानी खंडित मूर्ति,प्रतिमा,फोटो व तस्वीर जो गलती से हम लोगों से इधर-उधर रख दी जाती है उनको एकत्रित कर शास्त्रोक्त विधि से विसर्जन करने का बीड़ा जो मानव सेवा संस्थान ने उठाया है उसका सनातन में बड़ा ही महत्व है। संस्थान की यह पहल जिस जगह पुरानी प्रतिमाओं की होनी चाहिए उनका सही विधि से विसर्जन का निर्णय बड़ा ही सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि शिवरतन अग्रवाल सभापति नगर परिषद ने कहा कि मानव सेवा संस्थान शहर की अग्रणीय संस्था है। संस्थान द्वारा हमेशा से ही मानवीय सेवाओं के कार्य किये जाते रहे हैं पुष्पक विमान, गो एंबुलेंस, बॉडी फ्रीज़र एवं अन्य कई सेवाएं शहर में मिल का पत्थर साबित हो रही है। निश्चित रूप से दीपावली की साफ सफाई पर पुरानी प्रतिमाओं तस्वीरों का स-सम्मान विसर्जन कार्यक्रम सनातनी लोगों के लिए उपयोगी साबित होगा। अतिथि हेमंत शर्मा निदेशक कुहू इंटरनेशनल स्कूल ने कहा की शहर में अनेक संस्थाएं हैं सभी सेवा का कार्य कर रही है परंतु मानव सेवा संस्थान हमेशा ही लोगों की जरूरत के नवीन विषय को लेकर नए कार्यक्रम चलाती है। कोरोना काल में पुष्पक विमान की सेवा, लंपी में गो-एंबुलेंस की सेवा को शहर के लोगों ने नजदीक से देखा है ऐसे में पुरानी प्रतिमाओं का स-सम्मान विसर्जन कार्यक्रम सेवा संस्थान की सराहनीय पहल है।

## लक्ष्मणगढ़ में भगवत गीता का शिक्षण शिविर



सांध्य ज्योति न्यूज

**लक्ष्मणगढ़।** कस्बे के श्री विजय रघुनाथ जी के मंदिर में आध्यात्मिक चेतना अभियान के तहत श्रीमद्भगवद्गीता के साप्ताहिक शिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ ।

यह शिविर मंदिर के महंत श्री दिलीपदास महाराज एवं श्री दानवदलन वीर हनुमान मंदिर के महंत श्री महावीरदास महाराज के सानिध्य में व आचार्य ब्रह्माचारी विकास चैतन्य महाराज के निर्देशन में 25 अक्टूबर 2024 तक प्रतिदिन सायं 5:30 से 6:30 तक चलेगा। 7 दिवसीय गीता ज्ञान प्रशिक्षण के उपरांत गीता ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन कर प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। शिविर के शुभारंभ के अवसर पर श्रीमान पुरूषोत्तम मिश्रा, लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक श्री सुभाष जोशी व प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा एवं पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामनिवास शर्मा मंचासीन रहे । इन सभी ने आज के इस बदलते पाश्चात्य युग में युवा पीढ़ी के नवसृजन हेतु श्रीमद्भगवतगीता का जीवन में पड़ने वाले प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया। शिविर में अनेक बालक, बालिकाओं व प्रौढ़ व्यक्तियों ने भाग लिया, जो पूरे सप्ताह इस मोक्षस्वरूप श्रीमद्भगवद्गीता का श्रवण व अध्ययन करेंगे और भारत की इस सनातन संस्कृति को आगे बढ़ायेंगे।

## दौसा पुलिस लाईन में मनाया शहीद दिवस



सांध्य ज्योति न्यूज

**दौसा।** कर्तव्य निर्वहन के दौरान राष्ट्र के लिए शहीद हुए पुलिस अधिकारियों और जवानों की याद में जिला मुख्यालय पर पुलिस लाइन में सोमवार को पुलिस शहीद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस लाइन में सुबह 8 बजे समारोह की शुरुआत शहीदों को सलामी देने के साथ शुरू हुई। महानिरीक्षक जयपुर रेंज जयपुर अजय पाल लांबा आइपीएस पुलिस अधीक्षक रंजीत शर्मा श्रद्धांजलि अर्पित कर शहिदों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा गया। महानिरीक्षक जयपुर रेंज जयपुर अजय पाल लांबा ने शोक परेड के बाद होने वाली श्रद्धांजलि सभा में इस वर्ष शहीद हुए पुलिसकर्मियों के नाम पढ़कर बताए और उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित किए ।

## पदोन्नतियां करने की मांग को लेकर शिक्षक संघ ने लिखा पत्र

सांध्य ज्योति न्यूज

**श्रीमाधोपुर।** राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभाग शिक्षक संघ ने सभी संवर्गों की लम्बित पदोन्नतियां करवाने की मांग को लेकर सरकार को पत्र लिखकर समय से पदोन्नतियां नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवाड़ी मऊ ने सरकार को संवेदनशील एवं संस्कृत हितेषी बताते हुए मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री एवं मुख्य सचिव को लिखा है कि पदोन्नतियों जैसे महत्वपूर्ण एवं शिक्षक हित के मुद्दे पर विभाग के जिम्मेदार गम्भीर नहीं हैं। उनकी लापरवाही एवं उदासीनता का खामियाजा वर्षों से पदोन्नतियों का इंतजार कर रहे शिक्षक भुगत रहे हैं। गड़बड़ियों के कारण पदोन्नति के पात्र शिक्षकों को पदोन्नतियों से वंचित रहना पड़ रहा है। तिवाड़ी ने तीन संतान के मामलों में पद आरक्षित रखकर वर्तमान सत्र तक की लम्बित शारीरिक शिक्षकों सहित सभी संवर्गो की रिव्यू व पदोन्नतियां करने, योग्यता वृद्धि कर बीएड शिक्षा शास्त्री कर चुके शिक्षकों को पदोन्नति का लाभ देने, पात्र एडी डीएसईओ प्रधानाचार्यों की पदोन्नति संस्कृत महाविद्यालय में प्राध्यापक पद पर करने, पदोन्नतियों में 48 प्रतिशत की बाध्यता समाप्त कर पदोन्नति करने, व्याख्याता शास्त्री आचार्य महाविद्यालय पद की 2021 तक एवं प्राचार्य उपाध्याय पद की 2000 से 2014 तक की सभी बकाया पदोन्नति व रिव्यू कर बैकलॉग समाप्त करने की मांग की है।

## रक्तदान शिविर में 200 यूनिट रक्त एकत्र



**मालपुरा।** उपखंड के ग्राम लावा में सोमवार को समाजसेवी किशनलाल खटीक की प्रथम पुण्य तिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समाजसेवी श्योजीराम खटीक व नारायणी देवी ने दीप प्रज्जवलित कर शिविर का उद्घाटन किया। इस दौरान 200 यूनिट रक्त एकत्र हुआ, जिससे अस्पतालों में रक्त की कमी को पूरा करने में मदद मिलेगी। इस शिविर में स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया और रक्तदान किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्वैच्छिक रूप से किया गया रक्तदान महादान के बराबर महत्व रखता है। रक्तदान से अस्पतालों में भर्ती गंभीर मरीजों की जिंदगी बचाई जा सकती है। समय पर जरूरतमंद मरीज को खून मिल जाए तो उसके लिए इसे बेहतर कुछ नहीं हो सकता।

रक्तवीर रक्तदान कर जरूरतमंदों की जिंदगी बचा सकते हैं। रक्तदान दूसरों की जिंदगी बचाने के साथ खुद की सेहत दुरुस्त करता है। शिविर में रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और उपहार प्रदानकर सम्मानित किया गया। शिविर के आयोजकों ने बताया कि रक्तदान के महत्व को समझाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया था।

इस अवसर पर समाजसेवी उद्दालाल गुर्जर ने कहा कि हर समस्या का कुछ ना कुछ विकल्प ढूंढ निकाला गया है, लेकिन ब्लड का कोई विकल्प नहीं है। खून की कमी को केवल ब्लड डोनेशन द्वारा ही पूरा किया जा सकता है, इसलिए हर सक्षम व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। जब ब्लड बैंक में रक्त होगा तभी लोगों की जिंदगी भी बचाई जा सकती है। इस दौरान उन्होंने लालाराम खटीक के प्रयास की सराहना की। रक्तदान शिविर में जयपुर से पहुंची चिकित्सकों की टीम का सहयोग रहा। जिस पर ग्रामीणों ने उनका आभार जताया।

## गौ सवामणी कर गायों को गुड़ दलिया खिलाया



सांध्य ज्योति न्यूज

**श्रीमाधोपुर।** भाजपा के युवा नेता भारणी मण्डल अध्यक्ष व यूडीएच मंत्री पुत्र दुर्गा सिंह खर्रा का जन्मदिन रविवार को गायों को गुड़ व दलिया खिलाकर मनाया। जन्मदिन पर खर्रा ने श्री कृष्ण गौशाला में गौ सवामणी कर गायों को गुड़ दलिया खिलाया। भाजपा कार्यकर्ताओं तथा गौ भक्तों के द्वारा गौशाला में दुर्गा सिंह खर्रा को जन्मदिन की बधाई देते हुए साफा एवं माला पहनाकर सम्मान किया। वहीं मुख्य समारोह स्थल अरूण पैलेस गार्डन में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधी व कार्यकर्ताओं ने हल भेंटकर तथा 51 मीटर का साफा व 31 किलों फूलों की माला पहनाकर भव्य सम्मान किया। दुर्गासिंह खर्रा ने सभी का आभार जताया। इस दौरान अजीतगढ़ प्रधान शंकर लाल यादव, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष बनवारीलाल यादव, पूर्व पालिका अध्यक्ष तनसुख कुमावत, उपसरपंच श्याम सिंह शेखावत, सरपंच कल्याणपुरा पवन सांई, श्योपाल कलवाणियां, विजय कुमावत, सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग मौजूद रहें।



पटियाला के एक मंदिर में 'करवा चौथ' उत्सव के दौरान सेल्फी लेती महिलाएं।

# पीएम नरेन्द्र मोदी ने पूर्ववर्ती सरकारों पर साधा निशाना

## कहा- पिछली सरकारों के घोटाले अखबारों में छाए रहते थे

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी के सिगरा स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक कार्यक्रम में राष्ट्र को समर्पित 6700 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इसके बाद पीएम मोदी ने जनता को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने देश की पिछली सरकारों पर लाखों करोड़ रुपए के घोटाले करने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि 10 साल पहले तक इन घोटालों की चर्चा अखबारों में छाई रहती थी, लेकिन अब उनके नेतृत्व वाली सरकार के नए कार्यकाल के सिर्फ सवा सौ दिन में ही 15 लाख करोड़ रुपए का काम शुरू होने की चर्चा हर घर में हो रही है। नरेंद्र मोदी ने कहा, यही तो वह बदलाव है जो देश चाहता है। जनता का पैसा जनता पर खर्च हो, देश के विकास पर खर्च हो और पूरी ईमानदारी से खर्च हो, यह उनकी सरकार की बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, बीते 10 सालों में हमने देश में बुनियादी



ढांचे के निर्माण का एक बहुत बड़ा अभियान शुरू किया है और इस अभियान के दो सबसे बड़े लक्ष्य हैं। पहला लक्ष्य, निवेश से नागरिकों की सुविधा बढ़ाने का और दूसरा लक्ष्य निवेश से नौजवानों को नौकरी देने का। आज देश में नए-नए राजमार्ग बन रहे हैं। नए-नए मार्गों पर रेल की पटरियां बिछाई जा रही हैं, नए-नए हवाई अड्डे बन रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि यह सिर्फ ईंट-पत्थर और लोहे-सरिया का काम नहीं हो रहा है बल्कि इससे लोगों की सुविधा बढ़ रही है और देश के युवाओं को नौकरियां भी मिल रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, काशी के लिए आज का दिन बहुत ही शुभ है। अभी मैं आंखों के एक बड़े अस्पताल का लोकार्पण करके आपके पास आया हूं। बाबा (भोलेनाथ) के आशीर्वाद से यहां हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। आज उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अलग-अलग हवाई अड्डों का शुभारंभ हुआ। इसमें बाबतपुर हवाई अड्डे के अलावा आगरा और सहारनपुर का सरसावा हवाई अड्डा भी शामिल है। पीएम ने कहा कि कुल मिलाकर देखें तो शिक्षा, कौशल विकास, खेल, स्वास्थ्य, पर्यटन हर क्षेत्र की परियोजनाएं बनारस को मिली हैं और यह सारी परियोजनाएं सुविधा के साथ-साथ नौजवानों के लिए रोजगार के अनेक नए अवसर भी लेकर आई हैं। मोदी ने जनता से मुखातिब होते हुए कहा, आपने जब मुझे लगातार तीसरी बार सेवा करने का आदेश दिया था, तब मैंने तीन गुना गति से काम करने की बात कही थी। अभी सरकार को बने सवा सौ दिन भी नहीं हुए हैं।

# राज्य के शहरों को स्वच्छ बनाने की दिशा में गुजरात देश भर में अग्रणी

**अहमदाबाद, 21 अक्टूबर (एजेंसी)।** भारत के शहरों को कचरे के ढेर से पूरी तरह से मुक्त करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 से देश भर में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) लॉन्च किया गया है। 2021 में घोषित किए गए स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के लिए केंद्र सरकार की ओर से 1,41,600 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

स्वच्छ भारत मिशन का दूसरा चरण 2025 तक चलेगा। इस चरण में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में हुए अभूतपूर्व कार्यों के फलस्वरूप शहरों से कचरा निस्तारण के मामले में गुजरात देश भर में शीर्ष प्रदर्शन करने वाला राज्य बन गया है। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के आंकड़ों के मुताबिक गुजरात की 140 डम्प साइटों में जमा 221 लाख टन कचरे में से अब तक 210 लाख टन लीगेसी वेस्ट (कई वर्षों से इकट्ठा किया हुआ कचरा) का निपटान किया गया है। 95 फीसदी कचरे के निस्तारण के बाद अब केवल 5 फीसदी कचरे का निपटान ही बाकी है। कचरे के ढेर के निपटान के मामले में गुजरात देश के बड़े राज्यों में शीर्ष स्थान पर है। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) फेज-2 के अंतर्गत 1000 टन या उससे अधिक कचरे की



मात्रा वाली कुल 2426 डम्प साइटों की पहचान की गई है, जिनमें से 140 डम्प साइटें गुजरात में हैं।

### 75 फीसदी क्षेत्र साफ, 698 एकड़ जमीन हुई खाली

500 एकड़ या उससे अधिक क्षेत्र में फैली डम्प साइट वाले राज्यों में भी साइट क्षेत्र को खाली कर फिर से उपयोग करने के लिए वापस लेने के मामले में गुजरात देश में अव्वल है। गुजरात में डम्प साइट के 930 एकड़ क्षेत्र में से 698 एकड़ क्षेत्र को खाली कर लिया गया है, इसके चलते 75 फीसदी जगह फिर से उपयोग के लिए प्राप्त हो गई है। राज्य में दो सबसे बड़ी डम्प साइटें (पिराणा और बोपल) अहमदाबाद में हैं, जहां से 129 लाख टन कचरे का निपटान किया गया है। इन डम्प साइटों के कुल 90 एकड़ क्षेत्र में से 46 एकड़ स्थान को खाली कर दिया गया है। भारत में कचरे से घिरा हुआ सबसे अधिक क्षेत्र महाराष्ट्र में (3352 एकड़) है, जबकि सबसे कम क्षेत्र अंडमान और निकोबार द्वीप समूह एवं मिजोरम (3 एकड़) में है। राजधानी दिल्ली में डम्प साइट क्षेत्र 202 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसमें से अभी तक कोई भी क्षेत्र खाली नहीं हुआ है। वहीं, तमिलनाडु ने सर्वाधिक 837 एकड़ क्षेत्र खाली किया है, जो कुल 1954 एकड़ क्षेत्र का 42 फीसदी है।

## अमित शाह ने पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर ड्यूटी के दौरान शहीद हुए सभी पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्र के प्रति पुलिस कर्मियों के बलिदानों के लिए आभार व्यक्त करते हुए शाह ने कहा कि यह भारत को सुरक्षित रखने में पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों द्वारा किए गए असीम बलिदानों को सम्मान देने का अवसर है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर मैं अपना सर्वोच्च बलिदान करने वाले उन शहीदों को नमन करता हूं जो अपने कर्तव्य का पालन करते हुए ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए।' लद्दाख के 'हॉट स्प्रिंग्स' में 21 अक्टूबर 1959 को भारी हथियारों से लैस चीनी सैनिकों द्वारा घात लगाकर किये गए हमले में 10 पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी के दौरान शहीद हो गये। तब से इन शहीदों और कर्तव्य निभाते हुए ड्यूटी के दौरान शहीद हुए अन्य सभी पुलिस कर्मियों को सम्मानित करने के लिए हर साल 21 अक्टूबर को 'पुलिस स्मृति दिवस' मनाया जाता है।

## अडाणी ने तेलंगाना की कांग्रेस सरकार को सौंपे 100 करोड़

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसी)।** अडानी फाउंडेशन ने युवा लोगों में उद्योग-विशिष्ट क्षमताओं को विकसित करने के उद्देश्य से एक कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए तेलंगाना सरकार को 100 करोड़ रुपए का दान दिया है। इस दान की विपक्षी दलों ने तीखी आलोचना की है। भाजपा और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) दोनों ने कांग्रेस पर अडानी पर अपने रुख में दोहरी बातें करने का आरोप लगाया है। यह दान शुक्रवार को हैदराबाद में अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के बीच एक बैठक के दौरान सौंपा गया। अडानी ग्रुप के चेयरपर्सन गौतम अदाणी के नेतृत्व में अदाणी फाउंडेशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी की स्थापना के लिए 100 करोड़ रुपए का दान चेक सौंपने के लिए मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से मुलाकात की। कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर कहा कि राहुल गांधी द्वारा पूरे दिन 'अडानी-अडानी' चिल्लाने के बावजूद, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी आगे बढ़ते हैं और गौतम अडानी से 'दान' स्वीकार करते हैं। आपके अपने मुख्यमंत्रियों द्वारा आपके साथ डोरमैट जैसा व्यवहार किया जाना बहुत बुरा लगता होगा। इस बीच, बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव (केटीआर) ने कांग्रेस पर असंगति का आरोप लगाते हुए इसी तरह की भावनाएं व्यक्त कीं।

## असम में पकड़ा घुसपैठिया, उसे वापस बांग्लादेश भेजा: हिमंत

**गुवाहाटी, 21 अक्टूबर (एजेंसी)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि एक बांग्लादेशी नागरिक को करीमगंज जिले में अवैध रूप से भारत की सीमा में प्रवेश करते समय पकड़ लिया और उसे पड़ोसी देश वापस भेज दिया गया। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, 'बांग्लादेशी घुसपैठिए मोहिबुल्ला को अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट गिरफ्तार किया गया और करीमगंज में सीमा पार भेज दिया गया।' असम के करीमगंज, कछार, धुबरी और दक्षिण सलमारा-मनकाचर जिले बांग्लादेश के साथ 267.5 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करते हैं। शर्मा ने कहा, ''हमारी असम पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) सीमा पर घुसपैठ की सभी कोशिशों को नाकाम करने के लिए चौबीसों घंटे सतर्क रहती हैं। हमारी टीम ने बहुत बढ़िया काम किया।' करीमगंज के सुतारकंडी में एक एकीकृत जांच चौकी (आईसीपी) है। पूर्वोत्तर में कुल तीन आईसीपी हैं, जिनमें से दो मेघालय के दावकी और त्रिपुरा के अखौरा में स्थित हैं।

## खौफ में यात्री... 20 दिनों में 150 से अधिक फ्लाइट को मिली बम से उड़ाने की धमकी, रिफंड की बढ़ी मांग

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसी)।** भारतीय एयरलाइंस की फ्लाइटों को आए दिन मिल रहीं बम से उड़ाने की धमकियों का असर बाजार पर दिखने लगा है। यात्री एयरलाइंस के कॉल सेंटर और ट्रेवल एजेंट के पास कॉल कर या तो अपनी यात्रा स्थगित कराना चाह रहे हैं या फिर वह किसी अन्य विदेशी एयरलाइंस में अपनी बुकिंग कराने की वजह से रिफंड लेने के बारे में मालूमात कर रहे हैं। इस साल अक्टूबर महीने में फ्लाइटों को धमकी मिलने का रेकॉर्ड बन गया है। इससे पहले जून में 97 धमकियां मिली थी। लेकिन, इस महीने 20 अक्टूबर तक फ्लाइटों को धमकी मिलने का यह आंकड़ा 150 को पार कर गया है। अभी अक्टूबर खत्म होने में 11 दिन और बाकी हैं। एविएशन सेक्टर के अधिकारियों का कहना है कि जिन लोगों ने पहले अपनी बुकिंग करा रखी थी, उनमें से भी ऐसे यात्री अपनी टिकटों का रिफंड लेने के चक्कर में लगे हैं। यात्रियों की सोच है कि चूंकि बम से उड़ाने की धमकियां




भारत की विभिन्न एयरलाइंस की फ्लाइटों के लिए ही मिल रही हैं। ऐसे में वह विदेशी एयरलाइंस से बुकिंग कराकर सुरक्षित यात्रा कर सकेंगे। जबकि देश के अंदर ही फ्लाइट लेने वाले कुछ घरेलू यात्री शॉर्ट डिस्टेंस के लिए फ्लाइटों में बुकिंग ना कराकर रेल या सड़क मार्ग को चुन रहे हैं। एयरलाइंस और ट्रेवल एजेंसियों का कहना है कि जिस तरह से आए दिन धमकियां मिल रही हैं, यह भी एक तरह से 'इकोनॉमिक टेरर यानी आर्थिक आतंकवाद' है। क्योंकि, इस फेस्टिव सीजन में जहां एयरलाइंस को महंगी दरों पर हर दिन ढेर सारी नई बुकिंग मिलनी थी। उसमें कुछ स्थिरता देखी जा रही है। दूसरे, बम थ्रेट मिलने वाली हर एक फ्लाइट के रूप में करीब तीन करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा, वह अलग है। यानी नई इनकम में तो सेंध लग ही रही है, साथ ही जो पुरानी बुकिंग हैं। उसमें भी बम थ्रेट की वजह से आए दिन घाटा उठाना पड़ रहा है।

### फ्लाइटों की जांच भी चुनौती

भारत की विभिन्न एयरलाइंस की इतनी अधिक फ्लाइटों को हर दिन धमकियां मिल रही हैं कि दिल्ली और मुंबई जैसे देश के दो बड़े एयरपोर्ट भी फ्लाइटों की जांच के लिए छोटे पड़ने लगे हैं। सिक्योरिटी एजेंसियों का कहना है कि इस तरह की समस्या कभी सोची भी नहीं गई थी कि एक साथ कभी इतनी अधिक फ्लाइटों को बम थ्रेट मिलेगी। ऐसे में प्रॉब्लम यह हो रही है कि धमकी मिलने वाली हर एक फ्लाइट को एयरपोर्ट में एकांत जगह पर ले जाकर जांच करनी पड़ती है।












स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सरोज शर्मा के लिए सांध्य ज्योति दर्पण प्रिंटर्स, डी. एल. टॉवर 3-ए- विद्याश्रम इंस्टीट्यूशनल एरिया जेएलएन मार्ग जयपुर से मुद्रित व प्रकाशित, निदेशक बी.एम. शर्मा, संपादक महेंद्र कुमार यादव, फोन : 0141-2709102, 2944103,
डाक पं.सं. / जेपीसी/012/2024-26 आरएनआई नंबर-: 48401/88 Email- sjdjp01@yahoo.co.in, Jyoti.sandhya@gmail.com